सम्पादक—
श्रीवासुदेव "दैवज्ञवाचस्पति"

श्रीः

भूमिका (प्रवेश पद्धति)

संसार में कहीं अन्धकार, कहीं प्रकाश, कहीं शीत, कहीं ताप, कहीं दिन, कहीं रात, कहीं सुभिक्ष, कहीं दुर्भिक्ष, कहीं अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि, कहीं सुख कहीं दुःख इत्यादि वस्तु मात्र में प्रतिद्वन्दिता और उत्पत्ति विनाश को देखकर हमारे पूर्वज महर्षि (वैज्ञानिक) जनों ने इन सब विषयों के कारण का पता लगाया कि—आकाशस्थ सूर्य चन्द्र आदि ग्रहों और अनेक तारा पुञ्जों के परिभ्रमण वश उनके विभिन्न रश्मियों के संयोग से ही ऊपर कहे हुए संसारी पदार्थों में प्रतिक्षण विलक्षणता होती रहती है। और भी स्पष्ट पता लगाया कि—ग्रहों और नक्षत्रों में कुछ अमृतरश्मि और कुछ विषरश्मि हैं। पृथ्वी पर जहाँ अमृत रश्मि पड़ते हैं वहाँ सुवृष्टि, सुभिक्ष, सुख और जहाँ विषरश्मि पड़ते हैं वहाँ अनावृष्टि, दुर्भिक्ष, दुःख होते हैं।

यह बात तो आपामर प्रत्यक्ष है कि—सूर्य के परिभ्रमण वश ही दिन रात, अन्धकार, प्रकाश, शीत और ताप आदि का चक्रवत् परिभ्रमण होता रहता है। तथा समय में भी प्रतिक्षण विलक्षणता (विभिन्नता) होती रहती है। फिर भी प्रतिचक्र (प्रतिवर्ष) सूर्य की रश्मियों में भी समानता नहीं रहती, इसका कारण भी अन्य (चन्द्र, मङ्गल आदि) ग्रहों एवं विभिन्नताराओं के किरणों का सम्पर्क होना है।

ग्रह और नक्षत्रों की स्थिति—

आकाश में जितने ज्योतिषपिण्ड (ग्रह नक्षत्र) देखने में आते हैं उनमें नक्षत्रों की कक्षा अनन्त दूरी पर है। पृथ्वी से उसकी दूरी के प्रमाण का पता लगाना-गणितादि क्रिया द्वारा असम्भव है। नक्षत्र कक्षा के नीचे ग्रहों की

तिक्तरस प्रिय, पशुओं की भूमि में रहनेवाला, पित्तप्रकृति, धूम्र-पाटल (श्वेत रक्त मिला) वर्ण, मूल (धान्य आदि) का अधिष्ठाता तथा वनचरों का स्वामी है।

चन्द्र स्वरूप

वैश्यः शशी स्त्री जलभूस्तपस्वी गौरोऽपराह्णाम्बुगधातुसत्त्वम्।
वायव्यदिक्श्लेष्मभुजङ्गरूप्यस्थूलो युवा क्षारशुभः सिताभः॥

भावार्थः—चन्द्रमा-वैश्य, स्त्री, जलार्द्रभूमिचारी, तपस्वी, गौरवर्ण, अपराह्ण में बली, जलचरों का स्वामी, धातु (गैरिकादि) का स्वामी, सत्वगुणी, वायव्य, दिशा का स्वामी, कफप्रकृति, सर्पों का स्वामी, रूपा (चाँदी) का स्वामी, अत्यन्त पुष्ट, युवा, लवणरस प्रिय, शुभग्रह और श्वेत वर्ण है।

मङ्गल स्वरूप

भौमस्तमः पित्तयुवोग्रवन्यो मध्याह्नधातुर्यमदिक् चतुष्पात्।
ना राट् चतुष्कोणसुवर्णकारो दग्धाऽवनीव्यङ्गकटुश्च रक्तः॥

भावार्थः—मङ्गल-तमोगुणी, पित्तप्रकृति, युवा, उग्र पापग्रह, वनचरों का स्वामी, मध्याह्न में बली, धातु, दक्षिण दिशा का स्वामी, पुरुष, राट् (क्षत्रिय), चतुष्कोण आकृति, सुनारों का स्वामी, दग्धभूमि में रहनेवाला, अङ्गरहित, कटु-रसप्रिय और रक्त वर्ण है।

बुध स्वरूप

ग्राम्यः शुभो नीलसुवर्णवृत्तः शिश्विष्टकोच्चः समधातुजीवः।
श्मशानयोषोत्तरदिक्प्रभातं शूद्रः खगः सर्वरसो रजो ज्ञः॥

भावार्थः—बुध-ग्राम में रहनेवाला, शुभग्रह, नीलवर्ण, सुवर्ण द्रव्य का स्वामी, गोलाकृति, बाल्यावस्थावाला, उच्च स्थान प्रिय, समधातु (तुल्य कफ-पित्त-वातवाला) जीवों का स्वामी, श्मशान भूमिचारी, स्त्री-ग्रह, उत्तरदिशा का स्वामी प्रातःकाल में बली, शूद्रवर्ण, पक्षियों का स्वामी, सर्वरसप्रिय और रजोगुणी है।

बृहस्पति स्वरूप

गुरुः प्रभाते नृ-शुभैशदिग्द्विजः पीतो द्विपाद्-ग्राम्यसुवृत्तजीवः ।
वाणिज्यमाधुर्यसुरालयेशो वृद्धः सुरत्नं समधातु-सत्त्वम् ।

भावार्थः—बृहस्पति-प्रातःकाल में बली, पुरुष, शुभग्रह, ईशानदिक् स्वामी, ब्राह्मण, पीतवर्ण, द्विपद, ग्राम में रहनेवाला, सुवृत्त (गोल आकृति), जीवों का स्वामी, व्यापार करनेवाला, मधुर-रसप्रिय, देवालय का स्वामी, वृद्ध, रत्नों का स्वामी, समधातु (तुल्य कफ-पित्त-वात), और सत्त्वगुणी है ।

शुक्र स्वरूप

शुक्रः शुभः स्त्री जलगोऽपरान्हः श्वेतः कफी रूप्यरजोऽम्लमूलम् ।
विप्रोऽग्निदिङ्मध्यवयो रतीशो जलावनीस्निग्धरुचिर्द्विपाच्च ॥

भावार्थः—शुक्र शुभग्रह, स्त्री, जलचारी, अपराह्न में बली, श्वेतवर्ण, कफ-प्रकृतिवाला, रूपों का स्वामी, रजोगुणी, अम्ल (खट्टा) रसप्रिय, मूलों का स्वामी, ब्राह्मण, अग्निदिशा का स्वामी, मध्यम आयुवाला, रतीश (क्रीडा प्रिय), जल भूमि में रहनेवाला, स्निग्ध रुचिवाला और द्विपद है ।

शनि स्वरूप

शनिर्विहङ्गोऽनिलवन्यसन्ध्याशूद्राङ्गनाधातुसमः स्थिरश्च ।
क्रूरः प्रतीची तुवरोऽतिवृद्धोत्करक्षितीट् दीर्घसुनीललोहम् ॥

भावार्थः—शनि-पक्षियों का स्वामी, अनिल, (वायु तत्त्व), वन जन्तुओं का स्वामी, सन्ध्या काल में बली, शूद्र, स्त्रीग्रह, धातुसम, स्थिर, पापग्रह, पश्चिम-दिशा का स्वामी, कषाय रसप्रिय, अत्यन्त वृद्धावस्था, निकृष्टभूमि का स्वामी, लम्बा आकारवाला, नीलवर्ण और लोहे का स्वामी है ।

राहु स्वरूप

राहुस्वरूपं शनिवन्निषादजातिर्भुजङ्गोऽस्थिपनैऋतीशः ।
केतुः शिखी तद्वदनेकरूपः खगस्वरूपात्फलमूह्यमित्थम् ॥

भावार्थः—राहु का स्वरूप शनि के सदृश ही है, निषाद जाति औ सर्प, हड्डी, तथा नैऋत दिशा का स्वामी है। केतु भी उसी प्रकार है विशेष— शिखावान् और अनेक प्रकार के रूप वाला है। ग्रहों के स्वरूप से ही जन्म, वर्ष और प्रश्नकाल में फल विचार करना चाहिये। उदाहरण आगे स्पष्ट देखिये।

संक्षिप्त ग्रहबल—

साधारणतया ग्रहों के बल ४ प्रकार के होते हैं। यथा—

(१) स्थानबल, (२) दिग्बल, (३) कालबल और (४) नैसर्गिक बल।

स्थानबल—"स्वोच्च सुहृत स्वत्रिकोण नवांशै :
स्थान बलं स्वगृहोपगतैश्च।"

अपने उच्च, मित्र की राशि, अपने मूलत्रिकोण, नवांश (अपने नवांश आदि वर्ग), और अपनी राशि में ग्रह स्थान बली होते हैं।

बलों के कलात्मक प्रमाण—

परमोच्चस्थान में—६०, अपने मूलत्रिकोण में ४५, अपने गृह आदि में ३०, अधिमित्र में २०, मित्र में १५, सम में १०, शत्रु ५, अधिशत्रु में ० होता है।

उच्च बल—(चक्र नं १)

उच्चस्थान में पूर्णबल ६० होता है उसके आगे पीछे क्रमशः ह्रास होकर नीच से ० शून्य हो जाता है।

उच्च	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
६०	५०	४०	३०	२०	१०	०	१०	२०	३०	४०	५०

ग्रहादि षडवर्गबल–(चक्र नं० २)

स्वत्रिको	स्वगृह	अधि.मि	मित्र	सम	शत्रु	अधि.श.
४५	३०	२०	१५	१०	५	०

इसी प्रकार—राशि, होरा, द्रेष्काण, नवांश, द्वादशांश, और त्रिंशांश से भी बल लेना चाहिए। सामान्यतया केवल राशिबल से ही बल लेने की परिपाटी है।

दिग्बल—(चक्र नं० ३)

"दिक्षु बुधांगिरसौ रविभौमौ
सूर्यसुतः सितशीतकरौ च ॥"

बुध और गुरु पूर्वदिशा (१२, लग्न, २ भावों में), सूर्य और मङ्गल दक्षिण दिशा (९, १०, ११ भावों) में, शनि पश्चिम दिशा (६, ७, ८ भावों) में दिशा चन्द्र और शुक्र ये उत्तर दिशा (३, ४, ५ भावों) में बली होते हैं। अपनी २ दिशा के मध्य भाव में पूर्णबल उसके आगे-पीछे के स्थानों में क्रमशः बल में अल्पता समझनी चाहिए।

बु० गु०		सू० मं०		श०		चं० शु०		बल
१ लग्न		१० भाव		७ भाव		४ भाव		६०
१२	२	११	९	८	६	५	३	५०
११	३	१२	८	९	५	६	२	४०
१०	४	१	७	१०	४	७	१	३०
९	५	२	६	११	३	८	१२	२०
८	६	३	५	१२	२	९	११	१०
७		४		१		१०		०

कालबल—(चक्र नं० ४)

निशायां बलिनश्चन्द्र-कुज-सौरा भवन्ति हि।
सर्वदा ज्ञो बली ज्ञेयो दिने शेषा द्विजोत्तम ॥

बु०	चं० मं० श०	सू० गु० शु०	ग्रह
६०	०	६०	मध्यदिन में
६०	६०	०	मध्यरात्रि में

नैसर्गिक बल—(चक्र नं० ५)

सू०	चं०	शु०	गु०	बु०	मं०	श०
६०	५२	४३	३५	२६	१७	८

इस प्रकार जन्मकालिक स्पष्ट ग्रहों के राश्यादि से ४ चारों बल का योग कर प्रत्येक ग्रह का बल समझकर तदनुसार फलादेश करना चाहिये। सब ग्रह अपनी अपनी दशा अन्तर्दशादि का फल पाकसमय में अपने बल के अनुसार ही फल भी देते हैं।

ग्रहों की राशि (गृह) (चक्र नं० ६)

सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०
५	४	१/८	३/६	९/१२	२/७	१०/११
सिंह	कर्क	मेष० वृश्च	मि० कन्या	ध० मीन	वृष तु०	म० कुं०

ग्रहों के उच्च नीच राशि अंश—(चक्र नं० ७)

ग्रह	सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०	रा०	के०
उच्च	मे०	वृ०	म०	कं०	क०	मी०	तु०	मि०	ध०
राशि	०	१	९	५	३	११	६		
अंश	१०	३	२८	१५	५	२७	२०		
नीच	तु०	वृश्च	क०	मी०	म०	कं०	मे०	ध०	मि०
राशि	६	७	३	११	९	५	०		
अंश	१०	३	२८	१५	५	२७	२०		

ग्रहों के मूलत्रिकोण—(चक्र नं० ८)

सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०
सि० ५	वृ० २	मे० १	कं० ६	ध० ९	तु० ७	कु० ११
२० अंश तक त्रिकोण पश्चात स्वराशि	३ अंश तक उच्च पश्चात मूल-त्रि०	१२ अंश तक मूल-त्रि० पश्चात स्वराशि	१५ अंश तक उच्च उसके बाद ५ तक त्रि० फिर १० तक स्वराशि	१० अंश तक त्रिकोण आगे स्वराशि	१५ अंश त्रि० आगे १५ अंश तक स्वराशि	२० अंश त्रि० पश्चात् स्वराशि

ग्रहों के नैसर्गिक मित्र-सम शत्रु—(चक्र नं० ९)

त्रिकोणात् स्वात् सुख-स्वाऽन्त्यधीधर्मायुः स्वतुङ्गपाः ।
सुहृदो रिपवश्चान्ये समाश्चोभयलक्षणाः ॥

अर्थात् अपने अपने मूल त्रिकोण से ४, २, १२, ५, ९, ८ स्थान और अपने उच्च स्थान के स्वामी मित्र और इनसे भिन्न स्थानों के स्वामी शत्रु होते हैं। जिन ग्रहों में दोनों लक्षण (मित्र-शत्रु) प्राप्त हों वे सम (उदासीन) होते हैं।

ग्रह	सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०
मित्र	चं० मं० गु०	सू० बु०	सू० चं० गु०	सू० शु०	सू० चं० मं०	बु० श०	बु० शु०
सम	बु०	मं० गु० शु० श०	शु० श०	मं० गु०	श०	मं० गु०	गु०
शत्रु	शु० श०	×	बु०	चं०	बु० शु०	सू० चं०	सू० चं० मं०

ग्रहों के तात्कालिक मित्र-शत्रु—(चक्र नं० १०)

दशबन्ध्वाय सहज-स्वान्त्यस्थास्ते परस्परम् ।
तत्काले मित्रतां यान्ति रिपवोऽन्यत्र संस्थिताः ॥

अर्थात् सूर्य आदि सब ग्रह तत्काल में अपने-अपने आश्रित स्थान से परस्पर १, ४, ११, ३ और १२, २, में स्थित होने से परस्पर मित्र, अन्य स्थान में शत्रु होते हैं ।

ग्रह	सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०
मित्र	बु०गु० शु०श०	मं०	चं०बु० गु०शु०	मं०सू० श०	सू०मं० श०	सू०मं० श०	सू०बु० गु०शु०
शत्रु	चं०मं०	सू०बु० शु०गु० श०	सू०श०	चं०गु० शु०	चं०बु० शु०	चं०बु० गु०	चं०म०

पञ्चधा मैत्री कथन-(चक्र नं० ११)

तत्काले च निसर्गे च मित्रं चेदधिमित्रकम् ।
मित्रं मित्रसमत्वे तु शत्रुः शत्रुसमत्वके ॥१॥

समो मित्ररिपुत्वे तु शत्रुत्वे त्वधिशत्रुता ।
एवं विविच्य दैवज्ञो जातकस्य फलंवदेत् ॥२॥

अर्थात् यदि निसर्ग और तात्कालिक दोनों प्रकार से मित्र हो वह ग्रह अधिमित्र, एक जगह मित्र और एक जगह सम हो तो मित्र, एक स्थान में शत्रु और दूसरे में सम हो तो शत्रु और यदि दोनों प्रकार से शत्रु हो तो अधिशत्रु

कहलाता है। इस प्रकार मित्रादि का विचार कर जातक का फल कहना चाहिए।

ग्रह	सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०
अ०मि	गु०	×	चं०गु०	सू०	सू०मं०	श०	बु०शु०
मित्र	बु०	मं०	शु०	श०मं०	श०	मं०	गु०
सम	चं०मं० शु०श०	सू०बु०	सू०	शु०	चं०	बु०	सू०
शत्रु	×	गु०शु० श०	श०	गु०	×	गु०	×
अ०श	×	×	×	चं०	बु०शु०	चं०	चं०मं०

ग्रहों के पूर्ण-मध्य-अल्पफल बोधकचक्र—(चक्र नं० १२)

	उच्च	मू०त्रि०	स्व०गृ०	मित्र	सम	शत्रु०	अस्त	नीच
शुभफल चरण	४	३	२	१	१/२	१/४	०	०
अशुभफल चरण	०	०	१/४	१/२	१	२	३	४

स्थानवश शुभग्रहों में भी अशुभत्व, और अशुभग्रहों में भी शुभत्व आ जाता है यह प्रत्यक्ष लोक में भी देखा जाता है। इसलिये शुभग्रह उच्चस्थान में अति शुभ होता है और अधिमित्रादि गृह में क्रमशः ह्रास होकर नीच स्थान में शुभत्व का नाश हो जाता है। इसी प्रकार पापग्रह—नीच स्थानों में अति पाप हो जाता है तथा क्रमशः उच्चस्थानों में शुभत्व को प्राप्त होने लगता है। अर्थात् शुभग्रह भी नीच में पड़ने से अपने शुभफल को नहीं देता है और अशुभग्रह उच्चस्थान में होने से अपने पाप फल को नहीं देता है॥

ग्रहों की दृष्टि बोधक चक्र—(चक्र नं० १३)

ग्रह	सू० चं० बु० शु०	मं०	गु०	श०
एक चरण	३/१०	३/१०	३/१०	×
दो चरण	५/९	५/९	×	५/९
तीन चरण	४/८	×	४/८	४/८
संपूर्ण दृष्टि	७	४/८/७	५/९/७	३/१०/७

कोई भी ग्रह—किसी भावपर अपनी दृष्टि के अनुसार ही शुभ या अशुभफल को देता है। इसका ध्यान रखना भी आवश्यक है।

फल कथनार्थ उदाहरण—

सं० १९८२ माघ शुक्ल ११ शनिवार सूर्योदय से इष्टघट्यादि ३/२५ समय में किसी का जन्म हुआ। उस समय के स्पष्ट ग्रह और जन्माङ्ग नीचे देखिये—

सू०	चं०	मं०	बु	गु	शु	श	रा
१	२	१	१०	१०	१०	७	२
२९	६	०	१३	१३	२०	१३	१३
३६	२२	५६	९	४१	४	२४	५५
५३	५८	२०	२६	१८	२	२७	३४
६०	८०६	३०	८०	१३	७४	३	३
४४	३०	५५	५३	४०	३१	१३	११

जन्माङ्ग के फल कथन समय इस बात का ध्यान अवश्य रहे कि जिस—भाव का फल विचार करना हो उस भाव में किस ग्रह का योग और दृष्टि है, साधारणतया—उस भाव पर यदि अपने स्वामी और शुभग्रह का योग या दृष्टि है

तो उस भाव के फल पुष्ट (पूर्ण) होते हैं। और पापग्रहों या अपने स्वामी के शत्रुओं का योग या दृष्टि हो तो उस भाव सम्बन्धी फलों की हानि होती है। यथा—उपरोक्त कुण्डली में—लग्नभाव सम्बन्धी (शरीर सुखादि) का विचार करना है तो—लग्नभाव में बुध, गुरु और शुक्र तीनों शुभग्रह का योग और चन्द्रमा की २ चरण दृष्टि हैं। इस प्रकार सब शुभग्रहों में योग तथा दृष्टिहोने के कारण इस जातक को शरीर सम्बन्धी सब फल उत्तम कहना चाहिये। किन्तु लग्न पर मङ्गल की १ चरण और शनि की ३ चरण दृष्टि है (चक्र नं० १३) इसलिये मङ्गल और शनि किञ्चत् कष्ट कारक भी होंगे तथापि शुभग्रहों की अधिकता होने के कारण कदाचित् शनि और मङ्गल की दशा, अन्तरदशा समय में ही कष्ट होने की सम्भावना होगी। वह भी शीघ्र निवृत्त हो जायगा।

अब यह देखना है कि—लग्न में बुध, गुरु और शुक्र हैं अतः आगे इस ग्रन्थ में (पृष्ठ नं० ३८, ५० और ६२ में) लिखे हुए फल—देनेवाले हैं तो वह अपने बल की मात्रा के अनुसार ही दे सकते हैं। इसलिये ग्रहों के बल की मात्रा देखना आवश्यक है। ऊपर कहे हुए सब बलों का पूर्ण योग ३०० होता है, उसमें १०० से कम अधमबल, १०१ से २०० तक मध्यम बल, २०० से ऊपर उत्तम बल समझा जाता है। यथा बुध का उच्च बल—

बुध अपने उच्चस्थान (कन्या) से छठे स्थान में है अतः उसका उच्चबल १० (चक्र नं० १ देखिये) गृहबल—बुध शनि के गृह में है—शनि उसका अधिमित्र है (चक्र नं० ११) इसलिये गृहबल=२० (चक्र नं० २) से हुआ। कालबल—बुध सर्वदा बली होता है अतः कालबल=६० (चक्र नं० ४)। दिग्बल—बुध लग्न में है अतः दिग्बल ६० (चक्र नं० ३)। नैसर्गिक बल= २६ (चक्र नं० ५) सब बलों का योग = १० + २० + ६० + ६० + २६= १७६। इसलिये यह मध्यम बली है अतः बुध अपना फल मध्यम मान से देगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का बल—गुरु को १८०, शुक्र को २०३, शनि को ९३ मङ्गल को ५२, चन्द्रमा को १५२ और सूर्य को २०० बल प्राप्त है। अर्थात् शुक्र ही सब ग्रहों में बली हुआ और उत्तम भी (२०० से अधिक बलवाला)

है अतः इस बालक का स्वभावादि पहिले कहे हुए 'ग्रह स्वरूप निरूपण' में अधिकतया शुक्र के तुल्य प्रकृतिवाला होगा और शुक्र अपनी दशादि में उत्तम फल अधिक से अधिक मात्रा में देनेवाला होगा। पश्चात् सूर्य, गुरु, बुध और चन्द्रमा हैं ये भी शुभग्रह एवं मध्यबली होने के कारण अपना अपना फल मध्यम मात्रा से देगें। किन्तु शनि और मङ्गल पापग्रह हैं और दसवें तथा चौथे भाव में स्थित होने से एक दूसरे को पूर्णदृष्टि से देखते हैं तथा पञ्चधा मैत्री के अनुसार दोनों ही ग्रह एक दूसरे के शत्रु भी हैं एवं लग्न भाव (१) पर चरण दृष्टि है। तथापि आगे ग्रन्थ में कहे गये अपने अशुभफलों को पूर्णरूप से नहीं दे सकेंगे—कारण ये दोनों ग्रह (शनि और मङ्गल) सब ग्रहों में निर्बल तथा अधमबली (१०० से अल्पबल) भी है अतः यह बालक माता-पिता के रहते हुए भी उनकी भक्ति से विमुख रहकर क्लेश से कष्ट पहुँचानेवाला होगा। इत्यादि अन्य ग्रहों के भी तारतम्य से फल समझना।

इसप्रकार ग्रह स्थितियों को समझकर एवं उनके फलों में तारतम्य कर लेने के पश्चात् किसी भी जातक के प्रति कहे जानेवाले फल अवश्य ही अकाट्य होंगे इसमें सन्देह नहीं।

यद्यपि इस ग्रन्थ में सम्पादक ने अधिक सावधानी से अर्थ लगाने का यत्न किया है, तथापि मानव धर्मवश अथवा मुद्रणयन्त्र या दृष्टिदोष से कुछ त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन सूचित करने की कृपा करेंगे, जिससे अगले संस्करण में सुधार कर दिया जाय। इति।

श्री सीताराम झा

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ ग्रहफलदर्पण

ज्यौतिष ।

मङ्गलाचरण—

गणेशं शारदां नत्वा ग्रहाणामृषिभाषितम् ।
संगृह्यते मया स्पष्टं जन्माङ्गाद्भावजं फलम् ॥१॥
तथैव वर्षलग्नाच्च हिन्दीभावार्थसंयुतम् ।
सन्मुदे वासुदेवेन पुंसां स्त्रीणां पृथक् पृथक् ॥२॥

भावार्थः—मैं श्री गणेशजी एवं श्रीसरस्वतीजी को नमस्कार करके पुरुषों और स्त्रियों की जन्मलग्न एव वर्षलग्न से महर्षियों द्वारा कहे हुए समस्त ग्रहों के भावफलों को हिन्दी भाषा भावार्थ सहित सज्जनों के उपकारार्थ संग्रहीत करता हूँ ॥ १+२ ॥

वि०—इस ग्रन्थ में जन्मलग्न और वर्षलग्न द्वादशभावस्थ-सूर्यादिग्रहों के फल ऋषिभाषित पद्यों में कहे गये हैं। सप्तम भाव का फल जो पुरुष कुण्डली में स्त्री के विषय में कहा गया है। वह स्त्री कुण्डली में पति के लिये समझना चाहिये।

प्रथम भावस्थ सूर्यफल—

तनुस्थो रविस्तुङ्गयष्टिं विधत्ते मनः संतपेद्दारदायादवर्गात्।
वपुः पीड्यते वातापित्तेन नित्यं स वै पर्यटन् ह्रासवृद्धिं प्रयाति ॥
सवितरि तनुसंस्थे शैशवे व्याधियुक्तो नयनगदसुदुःखो नीचसेवानुरक्त
न भवति गृहमेधी दैवयुक्तो मनुष्यो भ्रमतिविकलमुर्तिः पुत्रपौत्रैर्विहीनः
लग्नगः सम्सखेटस्तदा लागरः कामिनीदूषितो दुष्प्रजो वै यदा।
पण्यरामारतो राशिमीजान्गतो मानहीनोथ ह्रीर्षी विदृष्टिः पुमान्॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न (तनुभाव) में सूर्य हो तो वह—ऊँचे शरीर वाला, दुर्बल, बाल्यावस्था में रोगी, आँख में रोगवाला, नीचजनों का सेवक होता है। स्त्री और दायादों से मन में सन्ताप, वात तथा पित्त से शरीर में पीड़ा होती है। घूमकर व्यापार करने से कभी हानि और कभी लाभ करनेवाला, स्त्री से अपमानित, वेश्यागामी और प्रारब्धवादी होता है, यदि अपनी राशि या उच्च में हो तो सुखी और यशस्वी होता है॥ १–३ ॥

लग्नेऽर्के रोगिणी बाल्ये रुङ्नेत्रा नीचसेविका।
धनपुत्रसुखैर्हीना स्वभोच्चस्थे सुखान्विता ॥४॥

भावार्थः—लग्न में सूर्य हो तो वह स्त्री बाल्यावस्था में रोगिणी, आँख में कष्टवाली, नीचजनों की सेविका, धन तथा पुत्र सुख से वञ्चित रहती है। यदि अपनी राशि या उच्च का सूर्य लग्न में हो तो वह सुख से युक्ता होती है ॥४॥

रविर्लग्नगो वातपित्तं करोति कलत्राङ्गपीडां शिरःश्लेष्मरोगम्।
विवादं जनानां भवेद्गुप्तचिन्ता दशा नेष्टकर्त्री तथा हायनेऽस्य ॥

भावार्थः—यदि वर्षप्रवेशकालिक लग्न में सूर्य हो तो उसे—वात, पित्त से रोग तथा स्त्री के शरीर में पीडा तथा मस्तक में कफ विकार से रोग होता है। अपने सम्बन्धियों में विवाद और गुप्तचिन्ता रहती है, उस वर्ष सूर्य की दशा, अन्तर्दशा अनिष्ट होती है ॥५॥

द्वितीयभावस्थ सूर्यफल—

धने यस्य भानुः स भाग्याधिकः स्याच्चतुष्पात्सुखं सद्व्यये स्वं च याति ।
कुटुम्बे कलिर्जायते जायतेऽपि क्रिया निष्फला याति लाभस्य हेतोः ॥

धनगतदिननाथे पुत्रदारैर्विहीनः कृशतनुरतिदीनो रक्तनेत्रः कुकेशः ।
भवति च धनयुक्तो लोहताम्रेण सत्यं न भवति गृहमेधी मानवो दुःखभागी॥

यदा चश्मखाने भवेदाफताबस्तदा ज्ञानहीनोथ गुस्सर्वंमुद्दाम् ।
सदा तङ्गदिल्शख्तगो द्रव्यहीनः कुवेषो गदी स्याद्बेहोशोदिवासाम् ॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वितीय भाव में सूर्य हो तो वह—स्त्री और सन्तान से हीन, कुटुम्बियों से विरोध करने वाला, कृश शरीर, क्रोधी, लाल नेत्र वाला, भाग्यवान, गाय, भैंस, बकरी आदि का सुख, द्रव्यलाभ के निमित्त जो कार्य करता वह उसका व्यर्थ होता है, फिर भी उसका धन अच्छे कार्यों में खर्च होता है। लोहे और ताँबे का कार्य करने से धनी, रोगी और बेहोश (विस्मरण शक्ति वाला) होता है ॥ १–३॥

धनस्थेऽर्के सरोगाक्षी परिवारसुखोज्झिता ।
नारी मध्यधना स्वोच्चे स्वभे च सुखभागिनी ॥४॥

भावार्थः—द्वितीय भाव में सूर्य हो तो नेत्र में रोगवाली, परिवार सुख से रहित, मध्यम प्रकार के धनवाली होती है। यदि अपनी उच्च राशि का सूर्य हो तो सुख की भागिनी होती है ॥४॥

कुटुम्बाद्विरोधो नृपाद् भीतिकष्टं धनार्तिर्धनस्थे रवौ मानवानाम् ।
पशूनां प्रपीडोदरे चापदः स्युः स सौम्यान्वितो द्रव्यलाभं करोति ॥

भावार्थः—सूर्य वर्षलग्न से द्वितीयभाव में हो तो कुटुम्बों से विरोध, राजा से भय और कष्ट, धन की कमी और पशुओं को पीड़ा, तथा उदर में व्यथा रहती है। यदि सूर्य शुभग्रह से युत हो तो उस मनुष्य को द्रव्य लाभ होता है ॥५॥

तृतीयभावस्थ सूर्यफल—

तृतीये यदाहर्मणिर्जन्मकाले प्रतापाधिक्यं विक्रमं चातनोति।
तदा सोदरैस्तप्यते तीर्थचारी सदारिक्षयः सङ्गरे शं नरेशात्॥

सहजभवनसंस्थे भास्करे भ्रातृनाशः प्रियजनहितकारी पुत्रदाराभियुक्तः।
भवति च धनयुक्तो धैर्ययुक्तः सहिष्णुर्विपुलजनविहारी नागरीप्रीतिकारी।

यदा सम्शखेटस्तृतीयस्थितो नेककर्दानिरोगों हि शीरींसुखुन्।
सदामोदते रम्यसीमन्तिनीभिः सवारो धनाढ्यो हि निःकोपशन्॥

भावार्थः—जिसके जन्मकाल से तृतीय भाव में सूर्य हो तो वह बड़ा प्रतापी तथा पराक्रमी होता है। सहोदर से कष्टी अपने मित्रों का हितकारी, स्त्री पुत्रादि से युक्त, धनी, क्षमाशील, युद्ध में सर्वदा उसके शत्रुओं का नाश होता है। तथा मधुर-भाषी, सर्वदा सुन्दरी स्त्रियों के संग विहार करने वाला, सवारी पर चलने वाला होता है ॥१—३॥

सहजे सहजैर्हीना पतिपुत्रसुखान्विता।
धन-धैर्य-बलोपेता जनरक्षणतत्परा ॥४॥

भावार्थः—तृतीय भाव में सूर्य हो तो बन्धु सुख से रहित और पति पुत्रादि सुख से युक्त, धन धैर्य और शक्ति से सम्पन्न होकर दूसरों की रक्षा करने वाली होती है ॥४॥

तृतीयगोऽर्कोऽपि सहोदराणां पीडां करोत्यस्स वै वर्षलग्ने।
प्रराक्रमो राजकृपा च लक्ष्मी रिपुक्षयः कीर्तिविवर्धनं स्यात्॥

भावार्थः—यदि वर्षलग्न से सूर्य तृतीय स्थान में हो तो उस मनुष्य के सहोदर भइयों को पीड़ा होती है और पराक्रमी तथा राजा की कृपा, धन की प्राप्ति, शत्रु का नाश और कीर्ति की वृद्धि होती है ॥५॥

चतुर्थ भावस्थ सूर्यफल—

तुरीये दिनेशेऽतिशोभाधिकारी जनः सँल्लभेद्विग्रहं बन्धुतोऽपि ।
प्रवासी पिपक्षाहवे मानभङ्गं कदाचिन्न शान्तं भवेत्तस्य चेतः ॥

विविधजनविहारी बन्धुसंस्थो दिनेशो भवति च मृदुचेता गीतवाद्यानुरक्तः
समरशिरसि युद्धे नास्ति भङ्गः कदाचित् प्रचुरधनकलत्री पार्थिवानां प्रियश्च ॥

यदा मादरागारगः सम्शखेटः सुखी नो हि शंसः परेशानकः स्यात् ।
सदा म्लानचित्तोथ वेश्यारतो वा तथा जायते वेखुशी ह्दिजंगर्दः ॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थभाव में सूर्य हो तो वह अत्यन्त सुन्दर, बान्धवों से कलह करने वाला, शत्रु से अपमानित, परदेश सेवन करने वाला, चित्त शान्त नहीं रहता, मलिन स्वभाव वाला, कोमल हृदय, गीत वाद्य में निपुण तथा स्त्री से सुखी रहता है और राजा का प्रिय होता है ॥१–३॥

सुखस्थेऽर्के सुखोपेता सुचिता च सुभर्तिकाः ।
गीतशिल्पकलाभिज्ञा प्रसन्ना भूपतिप्रिया ॥४॥

भावार्थः—जन्म समय में चतुर्थ स्थान में सूर्य हो तो वह स्त्री सर्वदा सुखयुक्ता, कोमल हृदय और सुन्दर पतिवाली, संगीत, शिल्प और कला जानने वाली, प्रसन्न रहने वाली और राजा की पत्नी होती है ॥४॥

पशोः पीडनं तुर्यसंस्थे रवौ च कृषेः कर्मणो हानिरत्यन्तपीडा ।
नृपाद् भीतिकष्टं भवेन्मातृपीडोदरे गुह्यकेऽपि प्रपीडाऽब्दमध्ये ॥

भावार्थः—यदि सूर्य वर्षलग्न से चतुर्थ भाव में हो तो पशुओं को पीड़ा, कृषि कर्म में हानि, अत्यन्तकष्ट, राजा का भय, तथा मातृकष्ट और पेट तथा गुह्याङ्गों में पीड़ा होती है ॥ ५ ॥

पञ्चम भावस्थ सूर्यफल—

सुतस्थानगे पूर्वजापत्यतापी कुशाग्रा मतिर्भास्करे मन्त्रविद्या।
रविर्वञ्चने संचकोऽपि प्रमादी मृतिः क्रोडरोगादिजा भावनीया॥
तनयगतदिनेशे शैशवे दुःखभागी न भवति धनभागी यौवने व्याधियुक्तः।
जनयति सुतमेकं चाऽन्यगेहश्च शूरश्चपलमतिविलासी क्रूरकर्मा कुचेताः॥
अक्लखाने यदा शम्शखेटस्तदा मानवो मानहीनः सदा जाहिलः।
स्वल्पसङ्गप्रजश्चचौर्यचिन्ताधियुग् गुस्स्वरो धर्मकार्ये सदा काहिलः॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से पञ्चमभाव में सूर्य हो तो वह—बाल्यावस्था में दुखी, युवावस्था में धनी, प्रथम पुत्र से कष्ट पाता है, वह बड़ा भारी बुद्धिमान तथा मंत्रशास्त्र का विद्वान, एक पुत्र वाला उसकी बुद्धि दूसरों की ठगने की रहती है, द्रव्य का संचय करने वाला, धर्मकार्य से विमुख, चञ्चल, क्रोधी, मानहीन, परघरवासी और कलेजे (फेफड़े) की बिमारी वाला होता है॥१–४॥

सुतस्थेऽर्के सरुग् बाल्ये काकवन्ध्या च निर्धना।
स्वभोच्चेऽर्के तु पुत्रस्थे धनपुत्रसुखान्विता॥४॥

भावार्थः—मेष और सिंह से भिन्न राशिस्थ सूर्य यदि पञ्चम स्थान में हो तो वह स्त्री बाल्यावस्था में रोगिणी, एक सन्तानवाली और निर्धना होती है। यदि—मेष या सिंह का रवि सुतभाव में हो तो वह धन पुत्र आदि के सुख से युक्ता होती है॥४॥

दिनेशे सुतस्थे सुतस्याङ्गपीड़ा स्वबुद्धेश्च हानिर्विवादो जनानाम्॥
भवेच्छोकमोहादि चाङ्गेषु रोगो धनार्तिश्च भूपाद् भयं तद्दशायाम्॥

भावार्थः—यदि पञ्चमभाव मे सूर्य हो तो उस मनुष्य के पुत्रों के शरीर में पीड़ा, अपनी बुद्धि की हानि, परिजनों में विवाद, दुःख और अङ्ग में पीड़ा, धन की हानि और राजा से भय होता है। विशेष कर उस वर्ष सूर्य की दशा, अन्तर्दशा में यह फल समझें॥५॥

षष्ठभावस्थ सूर्यफल—

रिपुध्वंसकृद्भास्करो यस्य षष्ठे तनोति व्ययं राजतो मित्रतो वा।
कुले मातुरापच्चतुष्पादतो वा प्रयाणे निषादैर्विषादं करोति॥
अरिगृहगतभानौ योगशीली मतिस्थो निजजनहितकारी ज्ञातिवर्गप्रमोदी।
कृशतनुगृहमेधी चारुमूर्तिर्विलासी भवति च रिपुजेता कर्मपूज्यो दृढाङ्गः॥
यदा मर्जखाने भवेदाफताबो जलीलो गनी खूबरोहं अवाचः।
सदा मातृपक्षोद्धृतस्यायलब्धिर्निरोगो नरः शत्रुमर्दी तदा स्यात्॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से षष्ठभाव में सूर्य हो तो वह—शत्रुओं का नाश करता है। उसका द्रव्य राजकीय कारणों तथा मित्रों में विशेष खर्च होता है। वह अपने परिजन का पोषक, ज्ञानियों में श्रेष्ठ, कृशदेह, गृहसुख के युक्त, उत्तमरूप, विलासी और दृढ़देह वाला, मितभाषी, मातृपक्ष (ननिहाल) से धनलाभ करता है॥१–३॥

रिपुहन्त्री रिपुस्थेऽर्के चार्वङ्गी जनवाक्किका।
धनपुत्रसुखोपेता सुमतिर्जनपूजिता॥८॥

भावार्थः—षष्ठभाव में सूर्य हो तो शत्रु को पराजित करने वाली सुन्दर शरीर वाली, अपने कुटुम्ब की रक्षा करने वाली, धन पुत्रादि सुख से युक्ता, उत्तम स्वभाव वाली और लोक में मान्य होती है॥४॥

रिपूणां विनाशो रुजो मातृपक्षे रवौ षष्ठसंस्थे सुखाप्तिर्जनानाम्।
नृपान्मित्रपक्षाच्च लाभो जयः स्याद् भवेद्‌द्रव्यलाभः क्रये विक्रयेऽपि॥

भावार्थः—यदि सूर्य वर्षलग्न से षष्ठभाव में हो तो शत्रुओं का नाश होता है, किन्तु मातृपक्ष में रोग भय होता है, राजा और मित्रों से लाभ क्रय, विक्रय में भी द्रव्यलाभ होता है॥५॥

सप्तम भावस्थ सूर्यफल—

द्युनाथो यदा द्यूनजातो नरस्य प्रियातापनं पिण्डपीडा च चिन्ता।
भवेत्तुच्छलब्धिः क्रये विक्रयेऽपि प्रतिस्पर्धया नैति निद्रां कदाचित्॥

युवतिभवनसंस्थे भास्करे स्त्रीविलासी
न भवति सुखभागी चञ्चलः पापशीलः।
उदरसमशरीरो नातिदीर्घो न ह्रस्वो
कपिलनयनरूपः पिङ्गकेशः कुमूर्तिः॥

यदा सप्तखेटःस्मरस्थानगश्चिन्तया व्याकुलो ना भवेत्कामुकः।
सदा क्षीयते कामिनीभिर्महावञ्चको युद्धभूमौ चलोऽजम्बरः॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से सप्तमभाव में सूर्य हो तो वह—न लम्बा न छोटा, कपिलवर्ण नेत्र, पिंगलवर्ण केशवाला और कुरूप होता है, उसे स्त्री क्लेश, शरीर पीड़ा और मानसिक चिन्ता बराबर बनी रहती है, व्यापार में उसे बहुत थोड़ा लाभ होता है। मन में सर्वदा लोगों को डाह रहने से सुख से निद्रा भी नहीं आती, कामी, स्त्री से विजित, ठगनेवाला होता है॥१-३॥

पतिभागवते सूर्ये जाता पतिसुखोज्झिता।
पापशीला कुरूपा च चञ्चला कपिलेक्षणा॥४॥

भावार्थः—सप्तम भाव में सूर्य हो तो वह पति सुख से रहिता, पापिनी, कुरूपा, चञ्चला और कपिल नेत्र वाली होती है॥४॥

कलत्रेऽर्कयुक्ते कलत्राङ्गपीड़ा स्वकीयाङ्गपीडा तथाऽन्तर्दशायाम्।
शिरोऽर्तिश्च मार्गाद् भयं वै विवादो गुदे पादयोः पीडनं वर्षमध्ये॥

भावार्थः—यदि वर्षलग्न से सप्तम भाव में सूर्य रहे तो उस वर्ष में उसकी स्त्री को शरीर पीड़ा होती है, तथा सूर्य की दशा, अन्तर्दशा में अपने अङ्ग में भी पीड़ा होती है और शिरोरोग, मार्ग में भय, लोगों से विवाद और गुदा तथा चरण में पीड़ा होती है॥५॥

अष्टमभावस्थ सूर्यफल—

क्रियालम्पटं त्वष्टमे कष्टभाजं विदेशीयदारान् भजेद्वाप्यवस्तु ।
वसुक्षीणता दस्युता नाविलम्बाद्विपद्गुह्यतां भानुरुग्रां विधत्ते ॥

निधनगतदिनेशे चञ्चलस्त्यागशीलः किलबुधगणसेवी सर्वदा रोगयुक्तः ।
वितथबहुलभाषी भाग्यहीनो विशीलो रतिविहितकुचैलो नीचसेवी प्रवासी॥

यदा सम्भखेटो भवेन्मौतस्थाने मुधार्फिर्विशेक्षुत्तृषापीडितो हि ।
सदोद्योगहीनो महालागरः स्वीयदेशं विहायान्यदेशाटनः स्यात् ॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से अष्टम भाव में सूर्य हो तो वह—चञ्चल, त्यागी, विद्वान का आदर करने वाला, सदा रोग से पीड़ित, व्यर्थ अधिक बोलने वाला, अग्राह्य वस्तुओं का सेवन करने वाला, काम में आसक्त, विदेशीय स्त्रियों से सम्बन्ध रखता है । भाग्यहीन, शीलरहित, कुवस्त्रधारी, नीच का सेवन तथा परदेश में रह कर कष्ट पाने वाला होता है ॥१—३॥

चलचित्ताष्टमस्थेऽर्के त्यागशीला च रोगिणी ।
कुशीला मलिना दीना हीना पत्या प्रजायते ॥४॥

भावार्थः—अष्टम भाव में सूर्य हो तो चञ्चल स्वभाववाली, त्याग करने वाली, रोगिणी, दुःशीला, मलिन चित्तवाली और पति के सुख से विमुख रहती है ॥४॥

रवौ चाऽष्टमे बन्धुदुःखं च कष्टं क्षयोपद्रवौ व्याधिशोकोधनार्तिः ।
कलत्राङ्गपीडा सुतस्याऽङ्गरोगो व्रणं वातपीडा भवेद्वर्षमध्ये ॥

भावार्थः—यदि सूर्य अष्टमभाव में हो तो उस वर्ष में उसके बन्धुओं को कष्ट तथा अपने अङ्ग में पीड़ा, अनेक उपद्रव, व्याधि, धन का क्षय, शोक, स्त्री के शरीर में पीड़ा, पुत्र के अङ्ग में रोग, व्रण और वात पीड़ा होती है ॥५॥

नवमभावस्य सूर्यफल—

दिवानायके दुष्टता कोणयाते न चाप्नोति चिन्ताविरामोऽस्य चेतः।
तपश्चर्ययाऽनिच्छयापि प्रयाति क्रियातुङ्गतां तप्यते सोदरेण॥

ग्रहगतदिननाथे सत्यवादी सुकेशी कुलजनहितकारी देवविप्रानुरक्तः।
प्रथमवयसिरोगी यौवने स्थैर्ययुक्तो बहुतरधनयुक्तो दीर्घजीवी सुमुर्विः॥

रवौ बेषखाने प्रसिद्धः सुखी मानवश्चान्यवित्तैरलं शोभते।
विघ्नवृन्दैर्युतो मातृपक्षात्सुखं नो धनाढ्यो यदा जायते वोच्चगः॥

भावार्थः—जिस मनुष्य के जन्मलग्न से नवमभाव में सूर्य हो तो वह दुष्ट प्रकृतिवाला होता है। उसकी चित्त की चिन्ता की समाप्ति नहीं होती है। व तपश्चर्या द्वारा अनिच्छा से ही उच्चकर्म को प्राप्त होता है। सगे भाइयों से कष्ट पाता है। हमेशा सत्यवक्ता, सुन्दर केशवाला, दीर्घायु, धनवान, सुखी और दूसरों के धन से आनन्द करने वाला होता है ॥१–३॥

धर्मस्थेऽर्के धनैर्युक्ता सुकेशी सत्यवादिनी।
बाल्ये रोगयुता मध्ये सुखिताऽन्त्ये च दुःखिता ॥४॥

भावार्थः—जिसके नवम भाव में सूर्य हो वह धन-धान्य से युक्ता, सुन्दर केशवाली, सत्य बोलने वाली, बाल्यावस्था में दुःख पाती है। मध्यावस्था में सुखी किन्तु वृद्धावस्था में पुनः रोगिणी हो जाती है ॥४॥

धर्मस्थितोऽर्कश्च सहोदराणं पीडाकरः क्लेशविवर्धकश्च।
धर्मप्रदो राज्ययशःप्रदः स्यात्तद्वर्षमध्ये स्वदशां गतश्च ॥५॥

भावार्थः—यदि वर्ष लग्न से सूर्य नवमभाव में हो तो उस वर्ष में अपनी दशा में उस मनुष्य के बन्धुवों के लिए पीड़ा कारक होते हैं और क्लेश को बढ़ाते हैं तथा धर्म, राज्य और यश को देते हैं ॥५॥

दशमभावस्थ सूर्यफल—

प्रयातोंऽशुमान् यस्य मेषूरणेऽस्य श्रमः सिद्धिदो राजतुल्यो नरस्य।
जनन्यास्तथा यायनामातनोति क्लमः संक्रमेद्वल्लभैर्विप्रयोगः ॥

दशमभवनसंस्थे तीव्रभानौ मनुष्यो गुणगणसुखभागी दानशीलोऽभिमानी।
मृदुलघुशुचियुक्तो नृत्यगीतानुरागी नरपतिरतिपूज्यः शेषकाले च रोगी ॥

रवौ शाहखाने धनाढ्यो वफारस्तदा मोदते वाजिवृन्दैः सुखी च।
महीपान्तिकी नेककिर्दा सुशीलो जमीले पितुः सौख्यमल्पं भवेद्वै ॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दशवें स्थान में सूर्य हो तो वह उद्योग करने वाला, राजा के समान सहज में सफल होने वाला किन्तु माता से कष्ट पाता है, और प्रेमी लोगों से उसका वियोग रहता है, चित्त में ग्लानि रहती है। गुणवान, अभिमानी, नृत्य और गीत में प्रेम रखने वाला और अन्तिम वयस में रोगी होता है। यदि सूर्य नीच राशि (तुला) का होकर दशम भाव में हो तो पिता से अल्प सुख पाता है ॥१—३॥

कर्मस्थेऽर्के गुणैर्युक्ता दानशीलाभिमानिनी।
धनपुत्रसुखैर्युक्ता नृत्यगीतानुरागिणी ॥४॥

भावार्थः—दशम भाव में सूर्य हो तो वह स्त्री सब गुणों से युक्ता, दान करने वाली, अभिमान वाली, धन-पुत्र और सुख से युक्ता और नाच-गान में प्रेम रखने वाली होती है ॥४॥

यदा दिनेशो गगनाश्रितः स्यात् राज्यार्थदो मानविवर्धकश्च।
हिरण्य-गो-भूवरलाभकारी चतुष्पदाङ्गेषु रुजो विवृद्धि ॥

भावार्थ :—सूर्य यदि वर्ष में दशमभाव में हो तो राज्य और धन को देते हैं मान बढ़ाते हैं, सुवर्ण, गौ, पृथ्वी का लाभ कराते हैं। उस वर्ष में पशुओं के अङ्ग में रोग की वृद्धि होती है ॥५॥

एकादशभावस्थ सूर्यफल—

रवौ सँल्लभेत् स्व च लाभोपयाते नृपद्वारतो राजमुद्राधिकारात् ।
प्रतापानले शत्रवः संपतन्ति श्रियोऽनेकधा दुःखमङ्गोद्भवानाम् ॥
बहुतरधनभागी चायसंस्थे दिनेशे नरपतिगृहसेवी भोगही नो गुणज्ञः ।
कृशतनुधनयुक्त कामिनीचित्तहारी भवति चपलमूर्तिर्जातिवर्गप्रमोदी ॥
यदा याफ्तिखाने भवेत्सम्शखेटः सुवेषो धनी बाहनाढ्योऽल्पशीलः ।
सुघोषः शुमौकाः सिपाही सलाही सविगीतगाने सुनेत्रोऽपि शिर्दारं ॥

भावार्थ—जिसके जन्मलग्न से ग्यारहवें स्थान में सूर्य हो तो उसे राज्य से उत्तम अधिकार प्राप्त होता है और अनेक प्रकार से द्रव्य लाभ होता है । उसके प्रताप से शत्रु नष्ट हो जाते हैं किंतु सन्तान पक्ष से दुःखी रहता है । वह बहु धनवान होता है, गुणग्राही, कृशदेहवाला, चंचल, सुंदर नेत्र वाला, गानविद्या में प्रेम रखनेवाला, वाहन इत्यादि के सुख से युक्त तथा स्त्रियों का प्रिय होता है ॥१–३॥

भूपप्रिया भवस्थेऽर्के सदा लाभसुखान्विता ।
गुणज्ञा रूपशीलाढ्या धनपुत्रसमन्विता ॥४॥

भावार्थ—एकादश भाव में सूर्य हो तो वह स्त्री सदा धन लाभ और सुख से युक्ता, दूसरे के गुणों का अनुकरण करने वाली, सुन्दरी सुशीला, धन और पुत्र से सुखी रहती है ॥४॥

रवौ लाभगे लाभकारी नृपात्स्याद्धनाप्तिश्चधान्याम्बरं वै हिरण्यम् ।
विलासादि सौख्यं रिपूणां विनाशः सुतस्याऽङ्गपीडा भवेत्तत्र वर्षे ।

भावार्थः—यदि सूर्य वर्ष लग्न से ग्यारहवें स्थान में हो तो लाभकारी तथा उस वर्ष में राजा से धन की प्राप्ति, धान्य, वस्त्र, सुवर्ण लाभ, विलास, सुख तथा शत्रुओं का नाश और पुत्र के अंग में पीड़ा होती है । शुभग्रह की दृष्टि सूर्य पर रहे तो पुत्र सुख होता है ॥५॥

द्वादशभावस्थ सूर्यफल—

रविर्द्वादशे नेत्रदोषं करोति विपक्षाहवे जायतेऽसौ जयश्रीः।
स्थितिर्लभ्यते क्षीयते देहदुःखं पितृव्यापदो हानिरध्वप्रदेशे ॥
जडमतिरतिकामी चाऽन्ययोषिद्विलासी विहगगणविघाती दुष्टचेताःकुमूर्तिः।
नरपतिधनयुक्तो द्वादशस्थे दिनेशे कथकजनविरोधी जङ्घरोगी कृशाङ्गः ॥
यदा खर्चस्थाने भवेत्सम्रखेटस्तदा कर्म्मनिर्माणहीनो नरः स्यात्।
अहल्खर्चकः सत्क्रियो वा शरीरत्पनाहः सदा पीड्यतेऽङ्गेषुरोगैः ॥

भावार्थः—जिसके जन्म लग्न से बारहवें स्थान में सूर्य हो तो वह नेत्र रोग से पीड़ित, शत्रु को जीतने वाला, शरीर से स्वस्थ रहता है। पितृपक्ष (चाचा इत्यादि) से आपत्तियाँ रहती हैं। उसकी बुद्धिहीन रहती है, पक्षियों को मारने वाला, दुष्ट हृदय, कुरूप, कामी, पर स्त्री गामी, कथावाचकों का विरोधी, व्यर्थ विवाद करने वाला और फजूल खर्ची होता है ॥१—३॥

विकलाक्षी व्ययस्थेऽर्के कृशाङ्गी मदनाधिका।
कुबुद्धिरन्यसंसक्ता जाता परधनान्विता ॥

भावार्थः—व्ययभाव में सूर्य हो तो आँख में रोगवाली, दुबली, कामातुरा, मलिनबुद्धिवाली, पर पुरुष में आसक्त और परधन प्राप्त करने वाली होती है ॥४॥

व्ययस्थितश्चेत् खलु भास्करोऽसौ स्त्रीविग्रहोद्वेगकृदङ्घ्रिरोगम्।
व्ययं च शीर्षोदरनेत्रपीडां करोति चिन्तां रिपुभिर्विवादम् ॥

भावार्थः—यदि सूर्य द्वादश भाव में हो तो उस वर्ष स्त्री से विग्रह और उद्वेग कराते हैं, पैर में रोग, निरर्थक व्यय तथा नेत्र, उदर मस्तक में पीड़ा कारक होते हैं। उस वर्ष अनेक प्रकार की चिन्ता और शत्रुओं से विवाद रहता है ॥५॥

प्रथम भावस्थ चन्द्रफल—

विधुर्गोकुलीराजगः सन् वपुस्थो धनाढ्यश्चलावण्यमानन्दपूर्णम् ।
विधत्ते धनं क्षीणदेहं दरिद्रं जडं श्रोत्रहीनं नरं शेषलग्ने ॥
तनुगतकुमुदेशे वित्तपूर्णः सुखी स्याद्बहुतरधनभोगी वीर्ययुक्तः सदेही।
भवति च यदि नीचश्चन्द्रमाः पापगो वा जडमतिरतिहीनः स्यात्तदा वित्तहीनः

जवकर्गार्येदाङ्गगस्तवङ्गरः सुरूपवान् ।
सुधीः सुखी नरो भवेद्विलोमगश्च तन्नहि ॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न में बली चन्द्रमा (वृष, कर्क और मेष) हो तो वह कुबेर के समान धनवाला, बलवान, रूपवान, सुखी और सर्वगुण सम्पन्न पूर्ण आनन्द को प्राप्त होता है। यदि अपनी नीच या शत्रु राशि का होकर जन्मलग्न में बैठा हो तो अशुभफल दायक होता है। यदि चन्द्रमा क्षीण (कृष्ण ११ से शुक्ल ५ तक) हो तो विशेष अनिष्ट कारक होता है ॥१—३॥

तनुस्थेन्दौ गुणैर्युक्ता सुन्दरी धनसंयुता ।
पूर्णे, क्षीणे कृशाङ्गी सा स्वभोच्चे च सुखान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि स्त्री के जन्मलग्न में बली चन्द्र हो तो वह सब गुणों से तथा धन-धान्य से युक्ता अति रूपवती होती है। यदि चन्द्रमा क्षीण हो तो दुबली तथा अल्प सुखवाली और यदि अपने गृह या उच्च में हो तो अत्यन्त सुखी होती है ॥४॥

तनुगतो ननु चेद्रजनीकरो विकलता च कफक्षयपीडितम् ।
भवति पापखगान्वितदृग् यदा तनुविनाशकरश्च बहुव्ययः ॥५॥

भावार्थः—जिसके वर्षप्रवेश कालिकलग्न में चन्द्रमा हो तो उस वर्ष में विकलता, कफ, क्षय रोग से पीड़ा होती है। यदि पाप ग्रह से युक्त हो या पाप ग्रह की दृष्टि हो तो नाश और बहुत खर्च होता है ॥५॥

द्वितीय भावस्थ चन्द्रफल—

हिमांशौ वसुस्थानगे धान्यलाभः शरीरेऽतिसौख्यं विलासोऽङ्गनानाम् ।
कुटुम्बे रतिर्जायते तस्य तुच्छं वशं दर्शने याति देवाङ्गनापिः ॥
धनगतहरिणाङ्के त्यागशीलो मतिज्ञो निधिरिव धनपूर्णो चंचलात्मासुदुष्टः ।
जनयति बहुसौख्यं कीर्तिशाली सहिष्णुर्युवतिजनविलासी चन्द्रतुल्यस्वरूप

कमर्यदा धनालये धनी दमी प्रियंवदः ।
विदूषको नरो भवेद्बलान्वितोयकी नरः ॥

भावार्थ :—यदि जन्मलग्न से द्वितीय भाव में चन्द्रमा हो तो वह धनी, शरीर से सुखी और सबको प्रसन्न करने वाला, मीठी वचन बोलने वाला स्त्रियों के साथ विलास करने वाला होता है। वह बलवान, सुन्दर देह वाला होता है। अपने कुटुम्ब में उसका प्रेम रहता है। यदि चन्द्रमा अपने बीच (वृश्चिक) का या पापयुक्त हो तो निर्बुद्धि, दुःखी और धनहीन होता है। यदि चन्द्रमा बलवान हो तो वह अत्यन्त ही सुंदर, अप्सराओं को भी मोहित कर देने वाला, बलवान और विश्वासी होता है ॥१–३॥

धनस्थेन्दौ धनैः पूर्णा सुखकीर्तिसमन्विता ।
सुरूपा शुभशीला च दानव्रतपरायणा ॥४॥

भावार्थः—द्वितीय भाव में चन्द्रमा हो तो धन, सुख, कीर्ति, सुन्दरता और सुशीलता से युक्त तथा दानादि व्रतादि करने वाली होती है ॥४॥

कुटुम्बाज्जयं मित्रपक्षाच्च लाभं धनाढ्यं धने वैशशाङ्कःप्रकुर्यात् ।
रिपूणां विनाशस्तथा नेत्रपीडा भवेदब्दमध्ये नृपात्सौख्यलाभः ॥५॥

भावार्थः—यदि चन्द्रमा धनभाव में हो तो कुटुम्बों से जय, मित्रों से लाभ तथा धन की प्राप्ति होती है। शत्रुओं का नाश, नेत्र में पीड़ा होती है। उस वर्ष मे विशेष करके चन्द्रमा की दशा में राजा से सुख का लाभ होता है ॥५॥

तृतीय भावस्थ चन्द्र फल—

विधौ विक्रमे विक्रमेणैति वित्तं तपस्वी भवेद्भ्रामिनीरञ्जितोऽपि ।
कियच्चिन्तयेत्साहजं तस्य शर्म प्रतापोज्ज्वलो भीषणो वैजयन्त्या ॥

शशिनि सहजसंस्थे पापगेहे च नित्यं न भवति बहुभाषी भ्रातृहर्ताऽरिमूर्तिः।
भवति च सुखभोगी सौम्यगे रात्रिनाथे सकलधननिधानं शास्त्रकाव्यप्रमोदी

कमविंलाधशालये नरो हि वा सुरौवतः ।
सदा बली च साविरः सुकर्मकृच्चता भवेत् ॥

भावार्थः—यदि जन्मलग्न से तृतीय स्थान में चन्द्रमा हो तो वह मनुष्य अपने पराक्रम से द्रव्यलाभ करता है। उसे भाइयों का प्रेम प्राप्त रहता है किन्तु स्वयं भाइयों से शत्रुता करता है। भोगी होते हुए भी तपस्वी के समान, तथा धर्म की रक्षा करने वाला स्वभाव से अत्यन्त सुखी रहता है। धर्म कार्यों में उसकी कीर्ति उज्वल होती है ॥१–३॥

सहजस्थे विधौ जाता बल-बन्धु-सुखान्विता ।
क्षीणेऽल्पसोदरा नारी धनपुत्रादिसंयुता ॥४॥

भावार्थः—तृतीय भाव में चन्द्र हो तो स्त्री, बन्धुबल के सुख से युक्त यदि क्षीण चन्द्रमा हो तो थोड़े सहोदर वाली और धन पुत्रादि से युक्ता होती है ॥४॥

तृतीयस्थितः शीतरश्मिर्यदा स्यात् तदा सोदराणां भवेत्सौख्यकारी ।
धनाप्तिं च पुण्योदयं गुप्तसौख्यं प्रतिष्ठाविवृद्धिं करोतीह वर्षे ॥

भावार्थः—यदि चन्द्रमा वर्ष में तृतीय भाव में हो तो उस वर्ष में सहोदरों को सौख्य देते हैं और धन की प्राप्ति, पुण्य का उदय, गुप्त सौख्य तथा प्रतिष्ठा की वृद्धि होतीहै ॥५॥

चतुर्थ भावस्थ चन्द्रफल—

यदा बन्धुगो बान्धवैरत्रिजन्मा नृपद्वारि सर्वाधिकारी सदैव।
वयस्यादिमे तादृशं नैव सौख्यं सुतस्त्रीगणात्तोषमायाति सम्यक् ॥१॥

बहुतरवसुपूर्णो रात्रिनाथे चतुर्थे प्रियजनहितकारी योषितां प्रीतिकारी।
सततमिह स रोगी मांसमत्स्यादिभोगी गजतुरगसमेतः क्रीडते हर्म्यपृष्ठे ॥

कमर्यदाम्बुगेहगः सखो मुकरंवः प्रभुः।
भवेन्नरश्रमञ्जिसी तदा बुधः सुभाग्यवान् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थ स्थान में चन्द्रमा हो तो वह मनुष्य अपने बन्धुओं में श्रेष्ठ, दानी, प्रभावशाली, पुण्य करनेवाला, स्त्रियों को प्रसन्न करने वाला, विद्वान और भाग्यवान् होता है। बाल्यावस्था में उसे उत्तम सुख नहीं मिलता, मत्स्य–मांस का भोगी हाथी, घोड़े आदि सवारी रखने वाला, पुत्र, स्त्री आदि कुटुम्बों से उसको पूर्ण सुख मिलता है ॥१–३॥

चन्द्रे सुखे सखैर्युक्ता सुरूपा प्रियवादिनी।
मत्स्यमांसरुचिर्जाता क्षीणे रोगभयान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि चतुर्थ भाव में चन्द्रमा हो तो वह सब सुखों से युक्ता सुन्दरी, मधुरभाषिणी, मत्स्य, मांस में रुचि रखने वाली यदि चन्द्रमा क्षीण हो तो रोग युक्ता, निर्बल तथा दुखी रहती है ॥४॥

शशाङ्के चतुर्थे च भूपाज्जयः स्यात् कृषेःकर्मणो लाभवान् स्यात्सुखी च।
धनाप्तिः क्रये विक्रये चाऽब्दमध्ये सुखं वाहनानां रिपोर्नाशनं च ॥५॥

भावार्थः—चन्द्रमा चतुर्थ भाव में हो तो राजा से जय, कृषि कर्म में लाभ, सुख, धनकी प्राप्ति और क्रय विक्रय से लाभ होता है। वाहनों का सुख तथा उस वर्ष में शत्रु का नाश होता है ॥५॥

पंचम भावस्थ चन्द्रफल—

यदा पञ्चमे यस्य नक्षत्रनाथो ददातीह सन्तानसंतोषमेव। रिपं
मतिं निर्मलां रत्नलाभं च भूमिं कुसीदेन नानामयो व्यावसायात् ॥१॥

तनयगतशशाङ्के विम्बपूर्णः सुखीस्याद्बहुतरसुतयुक्तो वश्यनारीसमे
यदिभवति शशाङ्कः क्षीणकायोऽरिगेहे युवतिसुखसमूहैः पुत्रपौत्रैर्विहीनः

कसर्यदेन्नगेहगः स गुल्फरू भवेन्नरः।
बलान्वितो हि पादकी नदिल्पिधर्मकानगः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से पञ्चभाव में चन्द्रमा हो तो उसे निश्च
सन्तान सुख उत्तम रहता है। उसे निर्मल बुद्धि, रत्नलाभ और भूमिलाभ भी हो
है। व्यापार से तथा व्याज द्वारा अनेक प्रकार से उसे द्रव्यलाभ होता है
वह विशेष तेजयुक्त, शरीर वाला, बलवान् सवारी पर चलने वाला और लज्जाव
होता है। यदि पूर्ण चन्द्रमा हो तो समस्त सुख और पतिव्रता स्त्री से युक्त हो
है। क्षीण चन्द्रमा पञ्चमभाव में स्थित हो तो स्त्री तथा सुख से हीन हो
है ॥१-३॥

सबीयन्दौ सुते जाता सुतसम्पत्सुखान्विता।
सुशीला सुमुखी तत्र क्षीणेन्दावन्यथा फलम् ॥४॥

भावार्थः—यदि पञ्चमभाव में सबल चन्द्रमा हो तो पति, पुत्र-धन और सु
से युक्त, सुशीला और सुन्दरी होती है। यदि क्षीण चन्द्रमा हो तो फल विपर
होता है ॥४॥

सुतस्थानगो रात्रिनाथः स्वबुद्ध्या जयं शत्रुपक्षाच्च लाभं करोति।
सुतस्याऽङ्गपीडा भवेत्पापदृष्टः सुतस्याऽङ्गसौख्यं सदा सौम्यदृष्टः ॥५

भावार्थः—यदि वर्ष लग्न से पञ्चमभाव में चन्द्रमा हो तो वह मनुष्य बु
द्वारा शत्रुओं से जय-लाभ करता है। यदि पापग्रह की दृष्टि हो तो पुत्र के अङ्ग
पीड़ा, यदि शुभग्रह से दृष्ट हो तो पुत्र को सर्वदा शरीर सुख होता है ॥ ५ ॥

षष्ठ भावस्थ चन्द्रफल—

रिपौ राजते विग्रहेणापि राजा जितास्तेऽपि भूयो विधौ सम्भवन्ति।
तदग्रेऽरयो निष्प्रभा भूयसोऽपि प्रतापोज्ज्वलो मातृशीलो न तद्वत् ॥१॥

रिपुगृहगशशाङ्कः क्षीणकायो यदि स्यान्-
न भवति बहुभोगी व्याधिदुःखस्य दाता।
यदि गृहमथ तुङ्गः पूर्णदेहः शशाङ्को
बहुतरसुखदाता स्यात्तदा मानवानाम् ॥२॥
काललो विपक्षपक्षपीडितो हि वदुशकल्ं
लागरः क्रमर्मवेद्रिपौ यदा नरः सरुक् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से षष्ठभाव में चन्द्रमा हो तो वह बड़ा प्रतापवान् तथा शत्रुओं को जीतने वाला होता है। उसके आगे उसके शत्रु प्रभावहीन होते हैं और वह मनुष्य अपनी माता में भक्ति नहीं रखने वाला होता है। यदि क्षीण चन्द्रमा हो तो जातक सुख भोगनेवाला नहीं होता, रोग से पीड़ित, कुरुप दुर्बल शरीरवाला और रोगयुक्त होता है ॥१–३॥

रिपुहन्त्री रिपौ चन्द्रे बाल्ये रोगभयान्विता।
तत्र पूर्णे स्वभोच्चादौ जाता सर्वसुखान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि षष्ठभाव में चन्द्रमा हो तो वह स्त्री अपने शत्रुओं को जीतने वाली और बाल्यावस्था में रोगिणी होती है। यदि चन्द्रमा पूर्ण बली होकर कर्क या वृष में हो तो अत्यन्त सुख भागिनी होती है ॥४॥

अरिस्थानगो रात्रिनाथो रिपूणां विवादो विरोधो भवेन्नेत्रपीडा।
व्ययं व्यग्रतां गुप्तचिन्तां तनोति कलत्राङ्गपीडां करोतीह वर्षे ॥५॥

भावार्थः—यदि चन्द्रमा षष्ठभाव में हो तो उस वर्ष शत्रु से विवाद और विरोध होता है और नेत्र में पीड़ा होती है। अपव्यय, व्यग्रता, गुप्तचिन्ता, स्त्री के अङ्ग में पीड़ा इत्यादि अशुभ फलदायक होते हैं ॥५॥

सप्तम भावस्थ चन्द्रफल—

वदेद् दारशं सप्तमे शीतरश्मिर्धनित्वं भवेद्ध्ववाणिज्यतोऽपि
रतिं स्त्रीजने मिष्टभुग्लुब्धचेताः कृशः कृष्णपक्षे विपक्षाभिभूतः ॥१॥

विमलवपुषि चन्द्रे सप्तमस्थे मनुष्यो
रुचिरयुवतिनाथः काञ्चनाढ्यः सुदेही ।
शशिनि कृशशरीरे पापगे पापदृष्टे
न भवति सुखभागी रोगिपत्नीपतिः स्यात् ॥२॥

जन्मकामगः क्षमयेदा भवेन्नरो भृशम् ।
गुल्फरूयसी गनी यशः करोत्यहर्निशम् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से सप्तमभाव में चन्द्रमा हो तो उसको सुख पूर्ण होता है। स्थल के व्यापार से धनवान् होता है। कृष्णपक्ष में स्त्रियों आसक्ति का बढ़ जाना, मिष्ट भोजन करनेवाला तथा चित्त अति लोभी रहता। वह दुर्बल रहता है और शत्रुओं से पराजित होता है। यदि पूर्ण चन्द्रमा हो मनुष्य सुन्दरी स्त्री का पति रूपवान, धनवान होता है। क्षीण चन्द्रमा हो पाप राशि में पाप से दृष्ट हो तो सुखहीन और रोगिणी स्त्री का पति होता है।

सवीर्येन्दौ मदे जाता सुधवा च सुखान्विता ।
सुशीला, सुन्दरी, क्षीणे चन्द्रे पतिसुखोज्झिता ॥४॥

भावार्थः—सबल पूर्णचन्द्र सप्तम भाव में हो तो सुन्दर और गुण पतिवाली, सब सुखों से युक्ता, सुन्दरी होती है। क्षीण चन्द्रमा हो तो पति से हीना होती है ॥४॥

कलत्रे शशाङ्को यदा पापदृष्टः क्षुतं वातपीडाभयं दारुणञ्च ।
कलत्राङ्गकष्टं कफोत्पत्तिबाधां स-सौम्यान्वितश्चार्थलाभं करोति ॥५॥

भावार्थः—यदि चन्द्रमा सप्तम भाव में हो तो धन लाभकारक होते हैं। पाप ग्रह से दृष्ट हो तो खाँसी, वातपीड़ा, कठिनभय, स्त्री को पीड़ा इत्यादि दस वर्ष रहता है ॥५॥

अष्टम भावस्थ चन्द्रफल—

सभा विद्यते भेषजी तस्य गेहे पचेत्कर्हिचित् क्वाथमुद्गोदकानि ।
महाव्याधयो भीतयो वारिभूताः शशीक्लेशकृत्सङ्कटान्यष्टमस्थः ॥१॥

नैधनभवनसंस्थे शीतरश्मौ नराणां निधनमचिरकाले पापगेहे ददाति ।
निजभृगुगुरुगेही सौम्यगेही च पूर्णो जनयति बहुदुःखं श्वासकासादिरोगैः

उग्रगृहे कर्मयेदा नरो भवेत्सदाऽऽमयी ।
बहिर्जुगुर्द गुरुसवर्वे देशमुक् च नीर्दयी ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से अष्टम भाव में चन्द्रमा हो तो वह सर्वदा रोगी रहता है । शत्रुओं से नयी व्याधियों, भय और आपत्ति हमेशा बनी रहती है । वह अत्यन्त क्रोधी, निर्दयी तथा स्वदेशत्यागी होता है । पाप राशी युक्त हो तो शीघ्र मरणकारक होता है । यदि अपनी घर या (शुक्र-बुध-गुरु) राशि में हो तो श्वासकासादि रोग से दुःखी होता है ॥१—३॥

मृत्यौ च म्रियते बाला चन्द्रे पापयुतेक्षिते ।
गुरौ केन्द्रगते दृष्टे शुभैर्वा चिरजीविनी ॥४॥

भावार्थः—अष्टमभाव में चन्द्रमा यदि पापग्रह से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बाला बाल्यकाल में ही मृत्यु को प्राप्त हो जाती है यदि गुरु केन्द्र वा शुभग्रह से देखा जाता हो तो बहुत दिनों तक जीनेवाली होती है ॥४॥

रन्ध्रगतशशाङ्कः कष्टवन्तं करोति क्षर-वमनविकारी चोदरे गुप्तपीडा ।
भवति कफविकारो नेत्ररोगोऽङ्गभङ्गो जलभयपरिवादो द्रव्यनाशोऽब्दमध्ये

भावार्थः—चन्द्रमा अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष उस मनुष्य को कष्ट प्रपञ्च रोग, पेट में गुप्त पीड़ा, कफविकार, नेत्ररोग, अङ्गभङ्ग, जल से भय, विवाद और धन की हानि होती है ॥५॥

नवम भावस्थ चन्द्रफल—

तपोभावगस्तारकेशो जनस्य प्रजाश्च द्विजा वन्दिनस्तं स्तुवन्ति।
भवत्येव भाग्याधिको यौवनादेः शरीरे सुखं चन्द्रवत्साहसं च ॥१॥

नवमभवनसंस्थे शीतरश्मौ प्रपूर्णे
बहुतरसुखभुक्त्या कामिनीप्रीतिकारी।
न भवति धनभागीक्षीणगे नीचगे वा
विमलपथविरोधी निर्गुणी मूढ़चेताः ॥२॥

नशीवखानगः कमर्मुईश संज्ञकं नरम्।
मुतम्मविल्च आमिलसिकम्युकं करोति वै ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से नवम भाव में चन्द्रमा हो वह अत्यन्त धर्मनिष्ठ, शरीर से सुखी और उसका पराक्रम चन्द्रमा के समान होता है। पूर्ण चन्द्रमा हो तो सभी सुखों से युक्त, धनवान्, तेजस्वी और स्त्री का प्रिय होता है। यदि क्षीण चन्द्रमा हो या नीच का हो तो धनहीन, निर्गुण, मूर्ख और धर्म विरुद्ध (नास्तिक) कहलाता है ॥१–३॥

पूर्णेन्दौ धर्मगे जाता सुखसौभाग्यसंयुता।
क्षीणे वा रिपुनीचर्क्षे ज्ञेया धर्मसुखोज्झिता ॥४॥

भावार्थः—पूर्ण चन्द्रमा यदि नवमभाव में स्थित हो तो स्त्री सुखी और सौभाग्य वाली तथा धर्मात्मा होती है। यदि चन्द्रमा क्षीण या शत्रु ग्रह नीच राशि में हो तो वह धर्म और सुख रहित होती है ॥४॥

पुण्योदयं धर्मगतः शशाङ्को भाग्योदयं चाऽर्थसमागमञ्च ॥
स्वगेहसौख्यं च रिपोर्विनाशं व्यायामसौख्यं च करोति वर्षे ॥५॥

भावार्थः—चन्द्रमा नवमभाव में हो तो उस वर्ष से भाग्योदय, धन लाभ, शत्रु का नाश, गृह में सौख्य और यात्रा में सुख होता है ॥५॥

दशम भावस्थ चन्द्रफल—

सुखं बान्धवेभ्यः खगे धर्मकर्मा समुद्राङ्कजेशं नरेशादितोऽपि।
नवीनांगनावैभवे सुप्रियत्वं पुरा जातके सौख्यमल्पं करोति ॥१॥

बहुतरसुखभागी कर्मसंस्थे हिमांशौ
विविधधननिधानं पुत्रदारादिपूर्णः।
रिपुकुटिलग्रहस्थे कासरोगी कृशांगः
पितृयुवतिधनाढ्यः कर्महीनो मनुष्यः ॥२॥

कमर्यदा ग्रहाश्रितो हि हम्जवारकं नरम्।
तवङ्गरं च कामिलं करोति वै च साविरम् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दशम भाव में चन्द्रमा हो तो उसे बान्धवों का सुख होता है। वह धर्मात्मा और पिता का आज्ञाकारी होता है। उसे धनी लोगों से सुख प्राप्त होता है और नवीन स्त्री के ऐश्वर्य से प्रसन्नता होती है। बाल्यावस्था में सुख थोड़ा होता है। परिवार का भरण-पोषण करने वाला, लक्ष्मीवान, बुद्धिमानों में श्रेष्ठ, सुशील तथा सन्तोषी भी होता है। यदि शत्रु या पापग्रह की राशि में हो तो कास रोग से पीड़ित, दुर्बल देह, माता से धन पाने वाला और स्वयं कर्महीन होता है ॥१–३॥

कर्मगे सबले चन्द्रे सर्वसम्पत्तिसंयुता।
क्षीणे नीचारिभे जाता कृशाङ्गी कासरोगिणी ॥४॥

भावार्थः—सबल चन्द्रमा दशम भाव में हो तो पति, पुत्र और धन से युक्त होती है। यदि चन्द्रमा क्षीण या शत्रु नीच राशि में हो तो दुबली पतली तथा कास रोग वाली होती है ॥४॥

कर्मोदयं प्रकुरुते गगने शशांको द्रव्यागमं रिपुकुलाद्रिपुनाशनश्च।
व्यायामतो बहु सुखं महती प्रतिष्ठा कीर्तिप्रवर्धनसुताम्बरलाभमाशु ॥५॥

भावार्थः—यदि वर्षलग्न से चन्द्रमा दशम भाव में हो तो भाग्योदय, शत्रु से द्रव्यलाभ और शत्रु का नाश होता है। उसे प्रतिष्ठा, कीर्ति की वृद्धि तथा सुत और वस्त्र का लाभ होता है ॥५॥

एकादश भावस्थ सूर्यफल—

लभेद् भूमिपादिन्दुना लाभगेन प्रतिष्ठाधिकाराम्बराणि क्रमेण।
श्रियोऽथ स्त्रियोन्तःपूरे विश्रमन्ति क्रिया वैकृती कन्यका वस्तुलाभः ॥१॥

बहुतरधनभोगी चायसंस्थे शशाङ्के प्रचुरसुखसमेतो दारभृत्यादियुक्तः।
शशिनि कृशशरीरे नीचपापारिगेहे न भवति सुखभागी व्याधितो मूढचेताः॥

धनाधिपश्चखूबरू सखी सुबुद्धिपुंगरः।
शिरीसखुन विदूषको भवेद्यदा कमर्भवे ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से एकादश भाव में चन्द्रमा हो तो उसे क्रम से प्रतिष्ठा, अधिकार और उत्तम उत्तम वस्त्र का लाभ होता है। उसके घर में लक्ष्मी और उत्तम स्त्रियाँ निवास करती हैं। कन्या सन्तति अधिक होती है। उत्तम वस्तु उसे मिलती है किन्तु कभी-कभी बना बनाया काम भी बिगड़ जाया करता है। यदि चन्द्रमा क्षीण हो शत्रु या नीच राशि का हो तो सुख हीन और रोग पीड़ित रहता है ॥१—३॥

क्षीणे पूर्णेऽथवा चन्द्रे लाभे लाभ समन्विता।
सुन्दरी, सुभगा नारी, धन-पुत्रादिसंयुता ॥४॥

भावार्थः—यदि एकादश भाव में क्षीण चाहे पूर्ण चन्द्रमा हो तो वह स्त्री सब कार्य में लाभ करनेवाली, सुन्दरी, सौभाग्यवती, धन, पुत्र आदि सर्व सुखों से युक्ता होती है ॥४॥

रिपोर्नाशनं लाभसंस्थे शशाङ्के बहुद्रव्यलाभः क्रये विक्रयेऽपि।
नृपात्सौख्यलाभः सुतस्याऽऽगमश्च प्रति ।विवृद्धिर्भवेद्धायनेऽस्मिन् ॥५॥

भावार्थः—चन्द्रमा यदि एकादश स्थान में होतो उस वर्ष शत्रुओं का नाश, क्रय विक्रय द्वारा लाभ, राजा से सुख, पुत्र सुख और प्रतिष्ठा की वृद्धि होती है ॥४॥

द्वादश भावस्थ चन्द्रफल—

शशी द्वादशे शत्रुनेत्रादिचिन्ता विचिन्त्या सदा सद्व्ययो मंगलेन।
पितृव्यादिमात्रादितोऽन्तर्विषादो न चाप्नोति कामं प्रियाल्पप्रियत्वम् ॥
व्ययनिलयनिवेशे रात्रिनाथे कृशांगः
सततहिमसरोगी क्रोधनो निर्धनश्च।
निजबुधगुरुगेहे दान्तिकस्त्यागशीलः
कृशतनुसुखभोगी नीचसंगी सदैव ॥१॥
व्ययालये कर्मयदा भवेत्किरीह चश्मखन्।
विरोधनश्च खिश्मनाप्यकीर्तिमान् हि उष्टूधः ॥२॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वादश भाव में चन्द्रमा हो उसे शत्रु पीड़ा, नेत्र पीड़ा रहती है उसका द्रव्य सदा अच्छे कार्यों में खर्च होता है। स्वजनों से मन मलिन तथा स्त्रियों में कम आसक्ति रखता है प्रायः उसका मनोरथ पूर्ण नहीं होता। वह अति दुर्बल, कफरोग से पीड़ित, क्रोधी, कुकर्म करने वाला तथा निर्धन होता है। यदि (कर्क, मिथुन, कन्या, धनु या मीन) में हो तो कर्मनिष्ठ ज्ञानी, कृशशरीर, सुख-भोगी किन्तु नीच का सेवक होता है ॥१—३॥

बाला व्ययाधिका बाल्ये व्यये व्याधियुता विधौ।
क्षीणाक्षी दुश्चरित्रा च विचित्राकृतिसंयुता ॥४॥

भावार्थः—यदि द्वादश भाव में चन्द्रमा हो तो वह स्त्री बहुत खर्च करने वाली, बाल्यावस्था में रोगिणी, क्षीण नेत्र वाली, कुचरित्रा और विकृट रूपवाली होती है ॥४॥

शशांको व्ययस्थो रिपूणां प्रपीडां तथा सद्व्ययं नेत्ररोगं करोति।
विवादं जनानां महाकष्टसाध्यं कफार्तिश्च गुल्मोदरं तत्र वर्षे ॥५॥

भावार्थः—यदि चन्द्रमा द्वादश भाव में हो तो उस वर्ष शत्रुओं द्वारा पीड़ा तथा सत्कार्य में व्यय हो, नेत्र में रोग, मनुष्यों से विवाद, कष्ट, कफ से पीड़ा और पेट में दर्द इत्यादि कष्ट होता है ॥५॥

प्रथम भावस्थ मंगलफल—

विलग्ने-कुजे दण्डलोहाग्निभीतिस्तपेन्मानसं केसरी किं द्वीतीयः।
कलत्रादिघातः शिरोनेत्रपीडा विपाके फलानां सदैवोपसर्गः ॥१॥

उदरदशनरोगौ शैशवे लग्नभौमे
पिशुनमतिकृशांगः पापकृत्कृष्णारूपः।
भवति चपलचित्तो नीचसेवी कुचैली
सकलसुखविहिनः सर्वदा पापशीलः ॥२॥

यदि भवति मिरोखो लग्नगः खिश्मनाक्स्या-
द्रुधिरप्रभवरोगैः पीडितो मुफ्लिसश्च।
सकलजनविरोधी हासिलो लागरौ ना
जनुषि खलु वियोगी दारपुत्रैर्हमेशाः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न में मङ्गल हो तो उसे लाठी, लोहा व अग्नी से भय रहता है। उसका मन दुःखी रहता है। स्त्री को घात, शिर व नेत्र में पीड़ा, बाल्यावस्था में पेट और दाँत में रोग वाला, चुगुलखोर, कृश, पापी, कृष्णवर्ण, चञ्चल, विरोध करने वाला तथा रक्तविकार से होने वाले रोग से पीड़ित रहता है। उसे फल प्राप्ति के समय सर्वदा बाधा ही होती है ॥१-३॥

कृशाङ्गी रोगिणी बाल्ये तनौ भौमे सुखोज्झिता।
सरोगदसना जाता कृष्णा पापपरायणा ॥४॥

भावार्थः—लग्न में मङ्गल हो तो दुबली, बाल्यावस्था में रोगिणी, सुखों से रहिता, दाँत में रोग वाली, कृष्णवर्णा और पापकर्म में रत रहती है ॥४॥

धरणितनयलग्नेऽसं[illegible]व्यवातप्रपीडा भवतिरिपु विवादोनेत्रशीर्षे च रोग
क्षरवमनविकारी चाङ्गनानां च कष्टं नृपभयमथ लोहादग्नितो भीर्नराणाम् ॥५॥

भावार्थः—यदि वर्षलग्न में मङ्गल हो तो कठिन वात रोग, शत्रु से विवाद, नेत्र तथा मस्तक में रोग, स्त्री को कष्ट, राजा और लोहा तथा अग्नि से उस वर्ष विशेष सावधान रहना चाहिये ॥५॥

द्वितीय भावस्थ मंगलफल—

भवेत्तस्य किं विद्यमाने कुटुम्बे धनेऽङ्गारके यस्य लब्धे धने किम् ।
यथा त्रायते मर्कटः कण्ठहारं पुनः संमुखं को भवेद्वादभग्नः ॥१॥

धनगतपृथिवीजे धातुवादी प्रवासी ऋणधनकृचित्तो द्यूतकर्त्ता सहिष्णुः ।
कृषिकरणसमर्थो विक्रमे लग्नचित्तः कृशतनुसुखभागी मानवः सर्वदैव ॥

यदि भवति मिरीखश्चश्मखाने बहोशः
सुतधनसुखदारैर्वर्जितः शूरगः स्यात् ।
नसनयमुतफक्किर्हीनशक्तिर्वदर्दः
खलजनसमबुद्धिर्मानवः कर्जदारः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वितीय भाव में मङ्गल हो तो वह कुटुम्ब, धन रहते हुए भी सुख प्राप्त नहीं कर सकता। वह धातुओं का व्यवहार करने वाला, ऋण लेने में बहादुर, जुआरी, क्षमाशील, खेती करने में पटु, पराक्रमी होता है, उसे सदा चिन्ता बनी रहती है ॥ १–३ ॥

धने स्वल्पधना भौमे गृहकार्यपरायणा ।
कृशाङ्गी द्यूतकृत्पत्नी सुखेन क्षमया युता ॥४॥

भावार्थः—द्वितीय भाव में मङ्गल हो तो अल्प धन वाली, घर के कार्यों में कुशल, दुबली, जुआरी की स्त्री, सुखभागिनी तथा क्षमाशीला होती है ॥४॥

धनस्थो धरण्यात्मजो द्रव्यनाशं शिरोऽर्ति-जनानां विरोधं प्रचक्षे ।
तथा सर्प-वह्न्योर्भयं शोक-मोहौ कलत्राक्षिरोगं करोतीह वर्षे ॥५॥

भावार्थः—यदि मङ्गल द्वितीय भाव में हो तो उस वर्ष मनुष्य को द्रव्यनाश शिर में पीड़ा परिजनों में विवाद, विरोध, सर्पभय, अग्निभय, शोक, मोह और स्त्री की आँख में रोग होता है ॥५॥

तृतीय भावस्थ मंगलफल—

कुतो वाहुवीर्यं कुतो बाहुलक्ष्मीस्तृतीयो न चेन्मङ्गलो मानवानाम्।
सहोत्थन्यथा भण्यते केन तेषां तपश्चर्यया चोपहास्यः कथं स्यात् ॥१॥

सहजभवनसंस्थे भूमिजे भ्रातृहर्त्ता कृशतनुसुखभागी तुङ्गभागेविलासी।
जनधनुसुखहीनो नीचशत्रूग्रगेहे वसति सकलपूर्णो मन्दिरे कुत्सिते च ॥

जरशुतुरजवाहिर्रत्नतम्बूकनातैः
सहजविमतिरोगैः संयुतोऽसंयुतश्च ।
यदि भवति मिरीखः खूबरो वा मुखेइल्
वजरफिक्सरसंज्ञः स्याद्विरादर्गृहे ना ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से तृतीय भाव में मङ्गल हो तो वह बड़ा प्रभावशाली, धन उपार्जन करने वाला, ऊँट, जवाहरात, रत्न, तम्बू, कनात आदि रखने वाला तथा सर्व प्रकार से रोग मुक्त रहता है और नीच या शत्रु घर का हो तो जन, धन, से हीन रहता है ॥१-३॥

सहजे मङ्गले जाता तन्वी भ्रातृसुखोज्झिता ।
धनहीनारिनीचस्थे स्वमोच्चे सुखभागिनी ॥४॥

भावार्थः—यदि मङ्गल तृतीय भाव में हो तो भाइयों के सुख से हीन, यदि मित्र या शत्रु राशि का मङ्गल हो तो धनहीना और उच्च या स्वराशि का हो तो सब सुखों से युक्ता होती है ॥४॥

तृतीयस्थिते भूसुते बान्धवानां भवेदङ्गकष्टं सुखं वाहनानाम् ।
रिपूणां विनाशस्तथा द्रव्यलाभो नृपान्मित्रपक्षाज्जयो हायनेऽस्मिन् ॥५॥

भावार्थः—यदि तृतीय भाव में मङ्गल हो तो उस वर्ष बन्धुओं के अङ्ग में कष्ट, वाहनों का सुख, शत्रु का विनाश, द्रव्यलाभ, राजा अथवा मित्र के पक्ष में जय होती है ॥४॥

चतुर्थ भावस्थ मंगलफल—

यदा भूसुतः संभवेत्तुर्यभावे तदा किं ग्रहाः सानुकूला जनानाम्।
सुहृद्वर्गसौख्यं न किंचिद्विचिन्त्या कृपावस्त्रभूमीर्लभेद् भूमिपालात् ॥१॥

जडमतिरतिदीनो बन्धुसंस्थे च भौमे
न भवति कुलभार्ये बन्धुदैन्येन दुःखी।
भ्रमति सकलदेशे नीचसेवानुरक्तः
परवशरयोषित् लुब्धचित्तः सदैव ॥२॥

पदकरजविराड्वै नो तनूत्थं सुखं च
समरघरधरायां धैर्ययुग्धी धनीनः।
खरयुशनक वेदर्द् कर्जमन्दो हमेशः
प्रभवति च मिरीखो दोस्तखाने नरश्चेत् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थ भाव में मङ्गल हो तो अन्य ग्रह अनुकूल रहते हुए भी व्यर्थ होते हैं उसे मित्र वर्गों से सुख बिल्कुल नहीं रहता उसकी बुद्धि हीन, दीन, पर्यटन करने वाला, नीच का सेवक, पर स्त्री से प्रेम करने वाला राजा से वस्त्र तथा भूमि लाभ करता है। वह लम्बी कद का बलिष्ठ, कठोर हृदय वाला और सर्वदा कर्ज लेनेवाला होता है ॥१-३॥

बन्धुहीना कुजे बन्धौ जाता गृहसुखोज्झिता।
लुब्धचित्ता पराशक्ता दुर्मती रोगभागिनी ॥४॥

भावार्थः—मङ्गल चतुर्थ भाव में हो तो बन्धुओं तथा घर के सुखों से रहिता लोभ करने वाली, पर पुरुष में आशक्त, कुबुद्धि और रोगिणी होती है ॥४॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से नवमभाव में शुक्र हो तो सुन्दर शरीरवाला सुखी, देव ब्राह्मणों का भक्त, पवित्र हृदय और अपने भुजबल से द्रव्य उपार्जन करनेवाला होता है। उसे सगे भाई और बान्धवों का पूर्ण सुख रहता है। ब्याज (ऋण) के व्यापार से धन की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। वह सभा-सोसाइटी में भागलेनेवाला, स्वाधीन और दानी होता है। किन्तु अभिमान और पाखण्ड के साथ धर्म तथा परोपकार में द्रव्य खर्च करते रहने पर भी व्यर्थ होता है। अर्थात् पुण्य का भागी नहीं हो पाता ॥१–३॥

धर्मे तीर्थपरा शुक्रे सुशीला सुरुचिः शुचिः।
निजोपार्जितवित्ता च जाता सौभाग्यसंयुता ॥४॥

भावार्थः—यदि शुक्र नवमभाव में हो तो वह स्त्री तीर्थ करनेवाली, सुशीला सुन्दरी, पवित्रहृदया, अपनी कला से धनोपार्जन करनेवाली, सौभाग्यवती होती है ॥४॥

धर्मस्थितो धर्मकरः कविश्चेन्नरेन्द्रतुल्यं मनुजं करोति।
सुखप्रदो भूषणवाहनानां गोभूहिरण्याम्बरलाभदः स्यात् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से नवमभाव में शुक्र हो तो उस वर्ष धर्म में विशेष प्रवृत्ति रहती है, नीच भी राजा के तुल्य हो जाता है। तथा भूषण और वाहन का सुख और गो, भूमि, सुवर्ण और वस्त्र का लाभ होता है ॥५॥

दशम भावस्थ शुक्रफल—

भृगुः कर्मगो गोत्रवीर्यं रुणद्धि क्षयार्थो भ्रमः किन्तु आत्मीय एव।
तुलामानतो हाटकं विप्रवृत्त्या जनाडम्बरैः प्रत्यहं वा विवादात् ॥१॥

दशमन्दिरगे भृगुवंशजे बधिरबन्धुयुतः स च भोगवान्।
वनगतोऽपि च राज्यफलं लभेत्समरसुन्दरवेषसमन्वितः ॥२॥

दर्राकोजरदारः पितुगुरुभक्तश्च काविलो मनुजः।
जोहराशाहमकाने भवति मुशीरश्च साहबो वा स्यात् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दशमभाव में शुक्र हो तो मनुष्य दुष्ट स्वभाववाला, बुद्धिमान्, रत्न आदि धातुओं की पहचान करनेवाला, धनवान् और माता-पिता, गुरुजनों का सेवक होता है। वह समान शरीरवाला, वीर पुरुष होते हुए भी भ्रम से उसके कार्य बिगड़ जाते हैं। वह ढोंगी लोगों को साथ रखकर भिक्षा अथवा ब्राह्मण जैसी वृत्ति से धन संचय करता है उसके वंश की वृद्धि नहीं होती अर्थात् सन्तान उत्पन्न करने योग्य उसका वीर्य नहीं होता और भाइयों के सुख से भी विमुख रहता है ॥१—३॥

भार्गवे राज्यगे राज्ञी धन-भोगवती सती।
पतिप्रिया सुखोपेता जाता सन्तानवत्सला ॥४॥

भावार्थः—यदि दशमभाव में शुक्र हो तो स्त्री रानी के समान, धन से युक्ता, साध्वी, पति की प्यारी, सब सुखवाली और सन्तान में प्रेम रखनेवाली होती है ॥४॥

गगनगो भृगुजो मनुजस्य वै भवति चाऽम्बरसौख्यकरस्तदा।
विविधभोगसुखं बहुलं धनं स्वजनसौख्यकरः क्रय-विक्रये ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से दशमभाव में शुक्र हो तो अनेक प्रकार के भोग और सुख, अपने परिजनों से सुख और व्यापार में अत्यन्त धन लाभ होता है ॥५॥

एकादश भावस्थ शुक्रफल—

भृगुर्लाभगो लाभदो यस्य लग्नात् सुरूपं महीपं च कुर्याच्च सम्यक्।
लसत्कीर्तिसत्यानुरक्तं गुणाढ्यं महाभोगमैश्वर्ययुक्तं सुशीलम् ॥१॥

लभनभावगते भृगुनन्दनो वरगुणावहितोऽप्यनलव्रतः ।
मदनतुल्यवपुः सुखभाजनं भवति हास्यरतिः प्रियदर्शनः ॥२॥

जरदारं महबूबं सिर्दारं वा सुरौवतं मनुजम् ।
याफ्तिमकाने जोहरा मइशं पुरुदतं कुरुते ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से एकादशभाव में शुक्र हो तो उत्तम गुणों से युक्त, कामदेव के समान सुन्दर, बड़ा भोगी, हास्यप्रिय, सुशील और राजा के समान यशस्वी होता है। वह बहुत द्रव्यलाभ करता है और उसकी सम्पत्ति कभी नष्ट नहीं होती और उत्तम कीर्तिवाला तथा सत्य में प्रेम रखनेवाला होता है ॥१-३॥

लाभे शुक्रे सदाचारा सदा लाभसमन्विता ।
नृत्यगीतकलाभिज्ञा सुहास्या प्रियदर्शना ॥४॥

भावार्थः—यदि शुक्र एकादशभाव में हो तो स्त्री सत्कार्य करनेवाली, सर्वदा लाभ करनेवाली, नृत्य-गीत आदि कलाओं को जाननेवाली हास्यप्रिय तथा अप्सरा के समान सुन्दरी होती है ॥४॥

कविर्लाभगो लाभकृत् स्वर्णकस्य जयं मानवानां करोतीह वर्षे ।
सुतानां विवृद्धिं सुखं राजपक्षाद् रिपूणां विनाशं तथा मित्रवृद्धिम् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से एकादशभाव में शुक्र हो तो उस वर्ष सुवर्ण का लाभ लोक में मान, पुत्रकी वृद्धि, मित्र की वृद्धि और शत्रु का नाश होता है ॥५॥

द्वादश भावस्थ शुक्रफल—

कदाप्येति वित्तं विलीयेत पित्तं सितो द्वादशे केलिसत्कर्मशर्मा ।
गुणानां च कीर्तेः क्षयं मित्रवैरं जनानां विरोधं सदाऽसौ करोति ॥१॥

जनुषि वा व्ययवर्तिनि भार्गवे भवति रोगयुतः प्रथमं नरः ।
तदनु दम्भपरायणचेतनः कृशतनो मलिनः सहितः सदा ॥२॥

साहबखर्चो बदकार् कमसहश्च मानवो क्षुदितः ।
बद्अक्लः किल जोहरा खर्चमकाने हि गुस्वरो भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वादशभाव में शुक्र हो तो बाल्यावस्था में रोगी, पश्चात् कृश शरीर और दम्भ से युक्त मलिन पुरुष होता है । उसकी बुद्धिहीन, बहुत क्रोधी, अपनी इच्छा से कार्य करनेवाला, अधिक खर्च करनेवाला, नीच कर्म में रत रहकर मित्रों से तथा परिजन लोगों से वैर करता है । उसे कदाचित् धन प्राप्त हो भी जाय तो उसके गुण और उसका यश नष्ट प्राय ही रहता है ॥१–३॥

व्यये व्ययाधिका शुक्रे बाल्ये रोगभयान्विता ।
कृशांगी मलिना जाता भवेद्दम्भपरायणा ॥४॥

भावार्थः—यदि शुक्र द्वादशभाव में हो तो जाता बहुत खर्च करनेवाली, बाल्यावस्था में रोगिनी, दुबली, मलिन स्वभाववाली और कपट करनेवाली होती है ॥४॥

व्यये यदि स्याद् भृगुजो नराणां नेत्राङ्गपीडां प्रकरोति वर्षे ।
कर्णे विकारं स्वदशां च नेष्टां प्राणार्तिपीडां च करोति वर्षे ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से द्वादशभाव में शुक्र पड़े तो उस वर्ष में उस मनुष्य को मृत्यु तुल्य कष्ट अथवा वर्ष पर्यन्त कुछ न कुछ शारीरिक पीड़ा बनी ही रहती है । अर्थात् शुक्र की दशा नेष्टकारिणी होती है ॥५॥

प्रथम भावस्थ शनिफल—

धनेनातिपूर्णोऽतितृष्णो विवादी तनुस्थेऽर्कजे स्थूलदृष्टिर्नरः स्यात्।
विषं दृष्टिजं त्वाधिकृद्व्याधिवाधाः स्वयं पिडितो मत्सरावेश एव ॥१॥

सततमल्पगतिर्मदपीडितस्तपनजे तनुगे खलु चाऽधमः।
भवति हीनकचः कृशविग्रहो मितसुहृद्रिपुसद्मनि मानवः ॥२॥

ताले यदि स्याज्जुहलो बदअक्लश्च लागरो मनुजः।
शठकम्बुरुं वेदिलः वाममतिपूर्णः प्रभुर्भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न में शनि हो वह मनुष्य दुर्बलशरीर, अल्प केशवाला, नीच प्रकृति, बुद्धिहीन, निर्दयी और अतितृष्णा रखनेवाला होता है। धनवान् और अधिकार पूर्ण होते हुए भी मानसिक चिन्ता तथा व्याधि बराबर बनी रहती है और दूसरों की डाह रखने से स्वतः क्लेश पाता है। उसकी दृष्टि दोषकारक होती है। यदि शनि अपनी शत्रु की राशि में हो तो थोड़े मित्र और अधिक शत्रुवाला होता है ॥१–३॥

शनौ तनौ सरुग् दीना दुश्चरित्रा कुरूपिणी।
तत्र स्वोच्चे स्वभे वापि धनारोग्यसमन्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि जन्मलग्न में शनि हो तो रोगवाली, दरिद्रा, नीच प्रकृति वाली और कुरूपा होती है। यदि शनि अपने गृह या उच्च का हो तो नीरोग और धन से युक्ता होती है ॥४॥

मन्दस्तनुस्थः कुरुते हि मन्दं भयादिवातव्रणजं च कष्टम्।
परापवादं च कलत्रकष्टं ज्वराख्यरोगं खलु वर्षमध्ये ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न में शनि हो तो उस वर्ष में उस मनुष्य की बुद्धि को मन्द करता है और भय, वातरोग तथा व्रण से उत्पन्न कष्ट, दूसरों से अपवाद, स्त्री को कष्ट और ज्वरादि का प्रकोप विशेष रहता है ॥५॥

द्वितीय भावस्थ शनिफल—

सुखापेक्षया वर्जितोऽसौ कुटुम्बात् कुटुम्बे शनौ वस्तु किं किं न भुङ्क्ते ।
समं वक्ति मित्रेण तिक्तं वचोऽपि प्रसक्तिं विना लोहकं को लभेत ॥१॥

धननिकेतनवर्तिनि भानुजे भवति वाक्यसहः स धनान्वितः ।
चपललोचनसंचयने रतो भवति चौरपरो नियतं सदा ॥२॥

यावागो वद्हालः कोतोदत्तश्च गुस्वरो जोहलः ।
जरखाने यदि मनुजो नाढ्यः परदेशगश्चापि ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न के द्वितीय भाव में शनि हो तो वह सुखलाभ की इच्छा से कुटुम्ब को छोड़कर स्वदेश अथवा परदेश में रह कर उत्तम २ वस्तु प्राप्त करता है। चञ्चलनेत्र, क्रोधी, शिघ्रगामी चोरी करने में तत्पर रहता है। सुवर्ण आदि अमुल्य पदार्थ प्राप्त करता है। प्रसङ्ग के विना मित्र के साथ कठोर वचन कहता है और सदैव मानसिक पीड़ा से दुःखी रहने वाला होता है ॥१–३॥

धने शनौ धनैर्हीना व्ययस्याद्ये च दुःखिता ।
किञ्चत् सुखं भवेत् पश्चात् स्वोद्यमेन धनागमः ॥४॥

भावार्थः—यदि शनि द्वितीय भाव में हो तो स्त्री प्रथम अवस्था में निर्धना और दुःखिता होती है। पश्चात् अपने उद्योग से किञ्चित् धन तथा सुख को प्राप्त होती है ॥४॥

धनस्थितः सञ्जनयेन्नराणां शनैश्चरो वातकफादिपीडाम् ।
स्थानान्तरं बान्धवनाशनं च रिपोर्विवृद्धिं तनुपीडनं च ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से द्वितीय भाव में शनि हो तो वात तथा कफ से पीड़ा और अङ्ग में पीड़ा होती है। उसवर्ष में शत्रु की वृद्धि, बन्धु का नाश और अस्थिरता अर्थात् स्थानान्तरगमन होता है ॥५॥

तृतीय भावस्थ शनिफल—

तृतीये शनौ शीतलं नैव चित्तं जनादुग्रमाज्ञायते युक्तभाषी।
अविघ्नं भवेत्कर्हिचिन्नैव भाग्यं दृढाशः सुखी दुर्मुखः सत्कृतोऽपि ॥१॥

सहजमन्दिरगे तपनात्मजे भवति सर्वसहोदरनाशकः।
तदनुकूलनृपेण समो नरः स्वसुतपुत्रकलत्रसमन्वितः ॥२॥

जोरावरो यशोलः खुशदाना च मानवः सभ्यः।
अनुचरवृन्दसमेतो भवति यदा वै बिरादरे जोह्लः ॥३॥

भावार्थः—जिसके तृतीय भाव में शनि हो तो वह मनुष्य पूर्ण बलशाली यशस्वी, सर्वदा प्रसन्नचित्त और दृढ़ आशावादी होता है तथा उत्तम राजा के समान, पुत्र स्त्री सुख से युक्त होता है। उसका भाग्य बिना विघ्न के नहीं रहता और सहोदर भाई से हीन रहता है। उत्तम वक्ता, सभा में चतुर और सम्मान को प्राप्त करता है। उसका आदर करते रहने पर भी वह अप्रसन्न ही रहता है ॥१–३॥

सहजस्थेऽनुजैर्हीना शनौ बुद्धिबलान्विता।
स्वोपार्जितधना जाता कुटुम्बपरिपालिका ॥४॥

भावार्थः—यदि तृतीय भाव में शनि हो तो जाता छोटे सहोदर से हीना बुद्धि और बल से युक्ता, अपने उपार्जित धन से परिवार का पालन करने वाली होती है ॥४॥

तृतीयसंस्थे रविजे मनुष्यो द्रव्यादिभोगान् लभते ह्यवश्यम्।
पराक्रमं राजकृपां च लक्ष्मीं सहोदराङ्गे च रुजोविवृद्धिम् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से तृतीय भाव में शनि हो तो मनुष्य उसवर्ष में अवश्य ही द्रव्यादि भोग लाभ करता है तथा पराक्रम, राजा की कृपा और लक्ष्मी को प्राप्ति करता है। उसके सहोदर के अंग में रोग की वृद्धि होती है ॥५॥

चतुर्थ भावस्थ शनिफल—

चतुर्थे शनौ पैतृकं याति दूरं धनं मन्दिरं बन्धुवर्गापवादः।
पितुश्चापि मातुश्च संतापकारी गृहे वाहने हानयो वातरोगी ॥१॥

बन्धुस्थितो भानुसुतो नराणां करोति बन्धोर्निधनं च रोगी।
स्त्रीपुत्रभृत्येन विनाकृतश्च ग्रामान्तरे चाऽसुखदः स वक्री ॥२॥

सुतफक्किरो बहोशः परितप्तो मानसो जोहूलः।
मादरखाने यदि स्यात् कमजोरश्च लागरो भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थ भाव में शनि हो वह सदैव चिन्तायुक्त, व्यवहार से उदासीन, मानसीय व्यथा से व्याकुल, बन्धु स्त्री पुत्र और नौकरों से हीन तथा स्वयं वायुरोग से पीड़ा पाता है। वह माता-पिता को भी कष्ट देनेवाला होता है। उसे भाई बन्धु द्वारा व्यर्थ का कलङ्क लगता है। यदि शनि वक्री हो तो बाप दादों का धन और ग्राम छूट जाता है और दुखी जीवन व्यतीत करता है ॥१–३॥

सुखे शनौ सुखैर्हीना वातपित्तरुजान्विता।
मलिनाऽऽलस्यसंयुक्ता कुशीला कलहप्रिया ॥४॥

भावार्थः—यदि चतुर्थ भाव में शनि हो तो सुख से हीना, वात और पित्तरोगवाली, मलिनहृदया, आलस्यवाली और कलहकारिणी होती है ॥४॥

चतुर्थे शनिर्वर्षलग्नाद् यदि स्यात् तदा गुप्तचिन्ता भवेदङ्गरोगः।
पशोः पीडनं मातृपक्षे च रोगो दशा नेष्टकर्त्री भवेद्धायनेऽस्य ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से चतुर्थ भाव में शनि हो तो उस वर्ष में मनुष्य को गुप्तचिन्ता, अङ्ग में कष्ट, पशुओं को पीड़ा, मातृपक्ष में रोग और शनि की दशा, अन्तरदशा अनिष्टकर्त्री होती है ॥५॥

पंचम भावस्थ शनिफल—

शनौ पञ्चमे च प्रजाहेतुदुःखी विभूतिश्चला यस्य बुद्धिर्न शुद्धा।
रतिर्दैवते शब्दशास्त्रे न तद्वत् कलिर्मित्रतो मन्त्रतः क्रोडपीडा ॥१॥

शनैश्चरे पञ्चमशत्रुगेहे पुत्रार्थहीनो भवतीह दुःखी।
तुङ्गे निजे मित्रगृहे च पञ्चौ पुत्रैकभागी भवतीति कश्चित् ॥२॥

बदअल्को मुत्फक्किरः सुतसुखरहितश्च काहिलो मनुजः।
जोहलः पञ्जुमखाने कोतहदेहश्च जाहिलो भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से पञ्चमभाव में शनि हो तो मनुष्य दुष्टबुद्धिवाला, चिन्तित रहनेवाला, आलसी, नाटे शरीरवाला और विवेक से शून्य होता है। वह सन्तान न होने से दुःखी रहता है। उसकी संपत्ति स्थिर नहीं रहती, मित्र से वैर और सदा कलेजे की बिमारी से व्याकुल रहता है। यदि उच्च या स्वगृह अथवा मित्र राशि का हो तो उसे एक पुत्र होता है ॥१–३॥

सुते रविसुते सूतौ सुतसौख्यविवर्जिता।
कुमतिर्धनहीना च सदा रोगभयान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि पञ्चमभाव में शनि हो तो सन्तान-सुख से हीना, कुबुद्धि तथा धनहीना और रोग वाली होती है ॥४॥

सुतगतः सुतहा च शनैश्चरो भवति चोदरपीडनकष्टदः।
विकलता बहुतापकरो भवेन्नृपभयं च तथैव धनादिषु ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से पञ्चमभाव में शनि हो तो उस वर्ष में पुत्र कष्टकारक होते हैं और उदर में पीड़ा, विकलता, ज्वर और धन में राजा से भय होता है ॥५॥

षष्ठ भावस्थ शनिफल—

अरेर्भूपतेश्चोरतो भीतयः किं यदीनस्य पुत्रो भवेद्यस्य शत्री।
न युद्धे भवेत्संमुखे तस्य योद्धा महिष्यादिकं मातुलानां विनाशः ॥१॥

नीचे रीपोर्भे च कुलक्षयं च षष्ठे शनिर्गच्छति मानवानाम्।
अन्यत्र शत्रून्विनिहन्ति तुङ्गी पूर्णार्थकामार्ज्जनतां ददाति ॥२॥

दानीश्वरं जलीलं जनयति मनुजं मुकर्रमं नृपतिम्।
विजितवैरिसमूहं दुश्मनखाने स्थितो जोहलः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से षष्ठभाव में शनि हो तो वह शत्रु, राजा और चोर का भय नहीं रखता। उसके सामने बड़ा से बड़ा भी योद्धा ठहर नहीं सकता। उसे चौपाये जानवरों का सुख होता है और मातृ पक्ष (ननिहाल) सुख से विमुख रहता है। यदि नीच या शत्रु ग्रह का शनि हो तो उस मनुष्य के कुल का नाश होता है तथा उच्च का हो तो मनोरथ को पूर्ण करता है ॥१-३॥

शत्रुहीना शनौ शत्रौ तुष्टा पुष्टाङ्गयष्टिका।
धनमानगुणोपेता गुरुभक्तिपरायणा ॥४॥

भावार्थः—यदि शनि षष्ठभाव में हो तो स्त्री शत्रु और रोग से हीना, सन्तुष्टा और पुष्ट शरीरवाली, धन, प्रतिष्ठा और गुणों से युक्ता, गुरुजनों की सेविका होती है ॥४॥

ष:स्थितो भूधनकीर्तिलाभः सूर्यात्मजो नृपसमं मनुजं प्रकुर्यात्।
धान्याम्बरादिधनलाभकरोऽत्र वर्षे कीर्तेर्विवर्द्धनमथार्तिविनाशनञ्च ॥

भावार्थः—वर्षलग्न से षष्ठभाव में शनि हो तो उस वर्ष में सुखी, धन और कीर्ति का लाभ होता है। तथा साधारण व्यक्ति भी राजा के तुल्य सुख भोगता है ॥५॥

सप्तम भावस्थ शनिफल—

सुदारा न मित्रं चिरं चारुवित्तं शनौ द्यूनगे दंपति रोगयुक्तौ।
अनुत्साहसन्तप्तकुद्दीनचेताः कुतो वीर्यवान् विह्वलो लोलुपः स्यात् ॥१॥

विश्रामभूतां विनिहन्ति जायां सूर्यात्मजः सप्तमगःसरोगाम्।
धत्ते पुनर्धर्म्मधराङ्गहीनां वित्तप्रणाशामयपीडितश्च ॥२॥

बद्‌रो जनः कृशाङ्गः कम्फहमश्च मानवो हिर्जः।
जानो वा स्याज्जोहो हफ्तुमखाने यदा भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से सप्तमभाव में शनि हो वह दुराचारी, दुर्बलशरीरवाला, अल्पबोलनेवाला, उत्साहहीन, और पराधीन रहनेवाला होता है। उसके पास सुन्दर, स्त्री, सुयोग्य मित्र और अधिक धन बहुत समय तक नहीं रहता है। अर्थात् प्रथम स्त्री मरजाती है या रोगिणी रहती है, फिर दूसरी स्त्री भी रोगिणी होती है और स्वयं धन नाश और रोग से पीड़ित रहता है ॥१—३॥

मदे शनौ रुजाक्रान्ता कान्तादरसमुज्झिता।
निर्धना दुःखसन्तप्ता नीचवृत्तिरता सदा ॥४॥

भावार्थः—यदि सप्तमभाव में शनि हो तो रोगिनी, पति-सुख से हीना निर्धना शोक-सन्ताप से युक्ता, निन्दित-कार्य करनेवाली होती है ॥४॥

जायास्थानगतो दिवाकरसुतः स्यादङ्गनापीडनम्।
मार्गाद् भीतिरथौ पशोश्च मरणं राज्याद्भयं व्यग्रता।
क्लेशानाञ्च विवर्द्धनं हि कुरुते मिथ्यापवादस्तथा।
देहे वातसमुद्भवा च जठरे पीडा भवेद्धायने ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से सप्तमभाव में शनि हो तो मनुष्य को शरीर-पीड़ा, मार्ग में भय, पशु का मरण, राजा से भय, व्यग्रता, क्लेश की वृद्धि, लोगों में मिथ्या अपवाद, देह में वात रोग और उदर पीड़ा होती है ॥५॥

अष्टम भावस्थ शनिफल—

वियोगो जनानां त्वनौपाधिकानां विनाशो धनानां स को यस्य न स्यात् ।
शनौ रन्ध्रगे व्याधितः क्षुद्रदर्शी तदग्रे जनः कैतवं किं करोतु ॥१॥

शनैश्चरे चाऽष्टमगे मनुष्यो देशान्तरे तिष्ठति दुःखभागी ।
चोर्यापराधेन च नीचहस्तैः पञ्चत्वमाप्नोत्यथ नेत्ररोगी ॥२॥

बीमारश्च हरीशो दगालबाजश्च दोजखी मनुजः ।
जोहल्हस्तुमखाने भवति बखीलः कुपालसो भीरुः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से अष्टम भाव में शनि हो तो वह मनुष्य सदैव रोगयुक्त, आलसी, कपटी और दूसरों को ठगने की बुद्धि रखनेवाला, विश्वासघाती तथा परिजनों से विरोध करनेवाला होता है। उसके धन का नाश होता है और परदेश में जाकर दुःखी होता है। चोरी के अपराध में नीच के द्वारा मारे जाने का भय तथा नेत्र रोगी रहता है। उसे कोई मनुष्य ठग नहीं सकता ॥१–३॥

शनौ रन्ध्रेऽक्षिरुग्जाता पतिपुत्रसुखोज्झिता ।
कृशाङ्गी तोषहीना च रोषयुक्ताङ्गना भवेत् ॥४॥

भावार्थः—यदि अष्टमभाव में शनि हो तो वह स्त्री आँख में रोग वाली, पति और सन्तान सुख से हीना, कृशशरीरवाली, असन्तुष्टा और क्रोधिनी होती है ॥४॥

निधनगो निधनं कुरुते शनिर्ज्वरविमर्दकफार्त्यपवादकान् ।
नृपभयं धनहानिरथापरैर्भवति तापकरः पवनोदयः ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से अष्टम भाव में शनि हो तो मनुष्य को ज्वर और वात रोग उस वर्ष में होता है। जनों से अपवाद, राजा से भय, शत्रु से धन की हानि और निधनकारी होते हैं ॥५॥

नवम भावस्थ शनिफल—

मतिस्तस्य तिक्ता न तिक्तं तु शीलं रतिर्योगशास्त्रे गुणो राजसः स्यात्।
सुहृद्वर्गतो दुःखितो हीनबुद्ध्या शनिर्धर्मगः कर्मकृत्संन्यसेद्वा ॥१॥

धर्मस्थपङ्गुर्बहुदम्भकारी धर्मार्थहीनः पितृवञ्चकश्च।
मदातुरक्तो विधनोऽथ रोगी पापिष्ठभार्योपरहीनवीर्यः ॥२॥
बख्तबुलन्दः श्रीमान् शीरींसखुनश्च मानवो यदि वै।
जोहो बख्तमखाने वेतालश्च हि कृपालुरपि भवति ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से नवम भाव में शनि हो वह दुष्टबुद्धि का होता है परन्तु आत्मबल दुष्ट नहीं होने से मनोवासना दुष्ट होने पर भी दुष्ट कर्म में रत नहीं रहता है। वह मनुष्य राजसी प्रकृति का होता है। उसकी बुद्धि छोटी होने से मित्रों की तरफ से दुःखी रहता है। वह कर्मनिष्ठ होता है अथवा कर्मों को छोड़कर संन्यासी हो जाता है। यदि शनि उच्च का हो तो जीवन में सुख से रहनेवाला, धनवान, सुन्दर स्वरूपवाला, मधुर वचन बोलने वाला होता है यदि नीच का हो तो दम्भ करनेवाला धर्म और धन से हीन, पिता को धोखा देनेवाला, मदमत्त, रोगी, पापिनी पत्नी होने से निर्बल होता है ॥१–३॥

धर्महीना शनौ धर्मे गुरुभक्तिपराङ्मुखी।
कुधवा धनहीना च मदम्भसमन्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि नवम भाव में शनि हो तो स्त्री धर्महीना, गुरुजनों का आदर नहीं करनेवाली, कुत्सित पतिवाली, निर्धना, गर्व और कपट करनेवाली होती है ॥४॥

भाग्योदयो भाग्यगतः शनिश्चेद् भूपार्थदः शत्रुविनाशनश्च।
कीर्तिं श्रियं मानमथापि दद्यात् सहोदराणां च भयार्तिकारी ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से नवम भाव में शनि हो तो उस वर्ष में भाग्य का उदय, राजा से धनलाभ, शत्रु का नाश, कीर्ति तथा सहोदरों को भय और कष्ट होता है ॥५॥

दशम भावस्थ शनिफल—

...जा तस्य माता पिता बाहुरेव वृथा सर्वतो दुष्टकर्माधिपत्यात् ।
शनैरेधते कर्मगः शर्म मन्दो जयो विग्रहे जीविकानां तु तस्य ॥१॥

शनैश्चरे कर्मगृहस्थितेऽपि महाधनो भृत्यजनानुरक्तः ।
प्राप्तप्रवासे नृपसद्मवासी न क्षत्रुवर्गाद्भयमेति मानी ॥२॥

शाहमकाने जोहलच्चेषु दशाफ्ते च मानवो शाहः ।
अथवा भवेन्मुशीरः खुशखुल्कः सुकृती गनी नेही ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दशमभाव में शनि हो वह बड़ा धनवान्, ...यस्वी, सदैव सुखी रहनेवाला और अधिक प्रेम करनेवाला होता है। उसे ...त्रुओं का भय नहीं रहता और पूर्ण अधिकारी होने से वृथा दुष्कर्म भी अधिक ...ता है। उसे माता-पिता का सुख नहीं होता और अपने बाहुबल का ही ...पार रहता है ॥१–३॥

राजपत्नी शनौ राज्ये धनपुत्रसुखान्विता ।
शत्रुरोगभयैर्हीना कुशला गृहकर्मसु ॥४॥

भावार्थः—यदि शनि दशमभाव में हो तो स्त्री रानी, धन, सन्तान सुख युक्ता, शत्रु और रोग से तथा हीना घर के कार्य में कुशला होती है ॥४॥

गगनगः कृषिहानिकरः शनिः पशुभयं स्वजनोदरपीडनम् ।
नृपसमं मनुजं च धनागमं प्रकुरुते क्रयविक्रयलाभकृत् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से दशमभाव में शनि हो तो उस वर्ष में खेती में ...नि, पशु का भय, स्वजनों को पीड़ा, धन का लाभ और व्यापार से मनुष्य राजा ...के समान होता है। ॥५॥

एकादश भावस्थ शनिफल—

स्थिरं वित्तमायुः स्थिरं मानसं च स्थिरा नैव रोगादयो न स्थिराणि।
अपत्यानि शूरः शतादेक एव प्रपञ्चाधिको लाभगे भानुपुत्रे ॥१॥

सूर्यात्मजे चायगते मनुष्यो धनी विमृश्यो बहुभोग्यभागी।
शीतानुरागी मुदितः सुशीलः स बालभावे भवतीति रोगी ॥२॥

साहबदर्दो नेकः शीरींसखुनस्तवङ्गरो ना स्यात्।
याम्रमकाने जोहल ईशः साबिरो रिपुहन्ता ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से एकादश भाव में शनि हो तो धनवान, भोगी, रूपवान्, विवेकी, प्रसन्न, इमानदार और मीठी बात करनेवाला होता है। ... बहुत भोगी प्रपञ्ची और बाल्यावस्था में रोगी भी होता है। शरीर ... दुर्बल होते हुए भी अधिकारी और शत्रुओं का नाश करनेवाला होता है। ... कोई अन्य शुभग्रह सन्तानभाव (पञ्चमभाव) में युक्त अथवा दृष्ट न हो तो ... सन्ताननाशकारक भी हो जाते हैं ॥१–३॥

लाभे शनौ सदाचारा सुरूपा सुभगा सती।
नानाभरणवस्त्रादि-धन-धान्यसुखान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि एकादश भाव में शनि हो तो जाता सदाचरणी, रूपवती, सौभाग्यवती, और पतिव्रता होती है। तथा अनेक प्रकार के आभूषण, वस्त्र, धन, धान्य आदि के सुख से युक्ता होती है ॥ ४॥

लाभस्थितो भास्करसूनुरत्र हिरण्यगोभूमिरथाश्वलाभम्।
अर्थागमं कीर्तिविवर्द्धनं च सन्तानदेहे च करोति पीडाम् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से एकादश भाव में शनि हो तो उस वर्ष में सुवर्ण, भूमि, गो, वाहन और धन का लाभ होता है, तथा कीर्ती की वृद्धि और सन्तान के शरीर में पीड़ा होती है ॥५॥

द्वादश भावस्थ शनिफल—

व्ययस्थे यदा सूर्यसूनौ नरः स्यादशूरोऽथवा निस्त्रपो मन्दनेत्रः।
प्रसन्नो बहिर्नो गृहे लग्नश्चेयद्वययस्थो रिपुध्वंसकृद्यज्ञभोक्ता ॥१॥

व्यये शनौ पञ्चगणाधिनाथो गदान्वितो हीनवपुः सदुःखी।
जङ्घाव्रणी क्रूरमतिर्मनुष्यो वधे रतः पक्षिगणस्य नित्यम् ॥२॥

तङ्गहालो बदफेलः पापासक्तश्च मुफ्लिसो मनुजः।
जोह्लः खर्चमकाने भवति हरीशः कृपालुरेव स्यात् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वादश भाव में शनि हो तो वह दुर्बलगात रोगी, कुकर्म में रत, क्रूरबुद्धि और डरपोक होता है। अपव्ययी होने के कारण धनभाव से दुःखी रहता है। घर की बजाय परदेश उसे अच्छा लगता है। वह मनुष्य निर्लज्ज अथवा मन्दहष्टि वाला भी होता है। किन्तु यदि शनि लग्नेश होकर व्यय (द्वादश) भाव में पड़े तो बलवान् और शत्रुओं को जीतने वाला होता है ॥१–३॥

व्यये शनौ दयाहीना सालस्या नीचगामिनी।
निर्धना व्ययशीला च सरोगा कलहप्रिया ॥४॥

भावार्थः—यदि शनि द्वादशभाव में हो तो वह स्त्री निर्दया, आलसी, नीचजनों से संगतिशाली, धनहीना, अधिक खर्च करनेवाली, रोगिनी और कलह करनेवाली होती है ॥४॥

व्ययस्थानगो जायते चाऽर्कपुत्रो व्ययो व्यग्रता क्लेशचिन्तादिकञ्च।
रिपूणां विनाशो भवेदर्थनाशः शिरोऽर्तिश्च पीडा तु कर्णे विकारः ॥५॥

भावार्थः—वर्ष लग्न में शनि यदि द्वादश भाव में पड़े तो उस मनुष्य को अधिक खर्च, क्लेश, चिन्ता, शत्रु का नाश, धन की हानि और अपने अङ्ग में पीडा होती है ॥५॥

प्रथम भावस्थ राहुफल—

स्ववाक्ये समर्थः परेषां प्रतापात्प्रभावात्समाच्छादयेत्स्वान् परार्थान्।
तमो यस्य लग्ने स भग्नारिवीर्यः कलत्रेऽधृतिं भूरिदारोऽपि यायात् ॥१॥

रोगी सदा देवरिपौ तनुस्थे कुले च मुख्यो बहुजल्पशीलः।
रक्तेक्षणः क्रोधपरः कुकर्मरतः सदा साहसकर्मदक्षः ॥२॥

अव्वलखाने यदा रास खिस्मनाकश्च काहिलः।
मनुजः स्वार्थकर्ता स्याद्भवेद्वेरोतु जाहिलः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न में राहु हो तो वह रोगी, आलसी, कुल, स्वार्थी, व्यर्थ बोलनेवाला, लालनेत्र, क्रोधी परञ्च साहसी होता है। वह शत्रुओं के बल का नाश करता है और दूसरे के प्रभाव से अपने अभिष्ट की पूर्ति करता है तथा अपने कुल में मुख्य होता है। उसे बहुत स्त्रियाँ रहने पर भी उनसे व तृप्त नहीं होता अर्थात् अधिक कामी भी होता है ॥१–३॥

लग्ने रोगयुता राहौ पापिनी रक्तलोचना।
चञ्चला दुर्मतिर्जाता गुरुसेवापराङ्मुखी ॥४॥

भावार्थः—यदि लग्न में राहु हो तो वह स्त्री रोगिनी, पापिनी, लालनेत्रवाली, चञ्चलस्वभाव, नीचबुद्धिवाली और गुरुजनों के अनादर करनेवाली होती है ॥४॥

तमो लग्नगः कामिनीनाञ्च पीडा, रिपोर्भीतिरेवं व्ययो व्यग्रता च।
शिरोऽर्तिश्च भूपाद्भयं मानभङ्गस्तथा नेत्ररोगो भवेदत्र वर्षे ॥५॥

भावार्थः—जिसके वर्ष प्रवेशकालिक लग्न में राहु हो तो उस वर्ष में उसकी स्त्री को पीड़ा, शत्रु से भय, व्यर्थ खर्च, व्यग्रता, अपने अङ्ग में पीड़ा, राजा से भय, मानभङ्ग तथा नेत्र में रोग होता है ॥५॥

द्वितीय भावस्थ राहुफल—

कुटुम्बे तमो नष्टभूतं कुटुम्बं मृषा भाषिता निर्भयो वित्तपालः।
स्ववर्गप्रणाशो भयं शस्त्रतश्चेदवश्यं खलेभ्यो लभेत्सारवश्यम् ॥१॥

राहौ धनस्थे कृतचौरवृत्तिः सदावलिप्तो बहुदुःखभागी।
मत्स्येन मांसेन सदा धनी च सदा वसेन्नीचगृहे मनुष्यः ॥२॥

कुजीबाहासिद्रासो मालखाने च मुफ्लिसम्।
करोति मनुजं वान्यदेशे धनसमन्वितम् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वितीयभाव में राहु हो तो वह अभिमानी, दुःख भागी, मिथ्या बोलनेवाला, चोरी करनेवाला तथा नीच जनों के वश में रहनेवाला होता है। मत्स्य-मांस से धनोपार्जन करता है और द्रव्य का रक्षण करता है। वह अपने बान्धवों का नाश देखता है अर्थात् उसका कुटुम्ब नष्ट हो जाता है। अपने धर्म कर्म से विहीन, स्वेच्छा से कष्ट सहनेवाला और अन्य देश में जाकर धन कमा कर सुखी होता है ॥१-३॥

चौरवृत्तिर्धने राहौ परगेहनिवासिनी।
अधना भ्रमणासक्ता कामिनी बहुभाषिणी ॥४॥

भावार्थः—यदि द्वितीय भाव में राहु हो तो चोरनी, दूसरे के घर में निवास करनेवाली, धनहीना, घूमनेवाली, कामाधिका और व्यर्थ अधिक बोलनेवाली होती है ॥४॥

जनापवादं च कुटुम्बगश्चेत्, तमस्तथा भूपभयङ्करोति।
नेत्रोदरव्याधिभयार्त्तिदोषान् धनापहारो भवतीह वर्षे ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से द्वितीयभाव में राहु पड़े तो उस वर्ष में मनुष्य को परिजनों से अपवाद, राजा से भय, शरीर में पीड़ा और धन का नाश होता ।५।

तृतीय भावस्थ राहुफल—

न नागोऽथ सिंहो भुजो विक्रमेण प्रयातीह सिंहीसुते तत्समत्वम्।
तृतीये जगत्सोदरत्वं समेति प्रयातोऽपि भाग्यं कुतो यत्नहेतुः ॥१॥

भ्रातुर्विनाशं प्रददाति राहुस्तृतीयभावे मनुजस्य गेहे।
सौख्यं धनं पुत्रकलत्रमित्रं ददाति तुङ्गी गजवाजिभृत्यान् ॥२॥

पाकः शाहबलः स्याद्वै नेकनामी गनी सखी।
शीयुम्खाने यदा रासः प्रभवेन्मनुजो धनी ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से तृतीयभाव में राहु हो तो बड़ा यशस्वी, प्रभावशाली, बाहुबल में उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता तथा सब प्रकार के सुख से युक्त होता है। भाग्योदय के समय उसे बहुतद्र व्यलाभ होता है। यदि नीच का राहु हो तो उसके भाई के लिए अनिष्ट होता है अर्थात् जगत ही उसको सगे भाई के समान होता है। उच्च में हो तो अत्यन्त धनाढ्य और वाहन के सुख से युक्त रहता है ॥१–३॥

सहजे चानुजैर्हीना धनकीर्तिसुखान्विता।
वादे विजयिनी जाता सुधवा च सुसन्ततिः ॥४॥

भावार्थः—यदि राहु तृतीय भाव में हो तो जाता अनुज सहोदर से हीना धन, कीर्ति और सर्व सुख सम्पन्ना, वादविवाद में जीतनेवाली, उत्तम पति और उत्तम सन्तान वाली होती है ॥४॥

शशिविमर्दकरस्तु तृतीयगो धनयुतं नरदेवसमं नरम्।
प्रकुरुते पशुवाहनजं सुखं स्वजनपीडनमत्र करोत्यसौ ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से तृतीयभाव में राहु हो तो उस वर्ष में राजा के समान धनी कर देता है और पशु तथा वाहनों का सुख तथा स्वजन को पीड़ादायक होता है ॥५॥

चतुर्थ भावस्थ राहुफल--

चतुर्थे कथं मातृनैरुज्यदेहो हृदि ज्वालया शीतलं किं बहिः स्यात् ।
स चेदन्यथा मेषगः कर्कगो वा बुधर्क्षेऽसुरो भूपतेर्बन्धुरेव ॥१॥

राहौ चतुर्थे धनबन्धुहीनो ग्रामैकदेशे वसति प्रकृष्टः ।
नीचानुरक्तः पिशुनश्च पापी पुत्रैकभागी कृशयोषीदाढ्यः ॥२॥

रासश्चेद्दोस्तखाने स्यात् परेशानो मुसाफिरः ।
नादानोऽपि च वादी च सौख्यहीनो विपक्षकः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थ भाव में राहु हो तो वह धन और बन्धुओं से हीन, नीचजनों के साथ व्यवहार रखनेवाला, मित्र से विमुख व्यर्थ विवाद करने वाला, चुगुलखोर, पापी, और मातृ सुख से हीन होता है। उसे एक पुत्र का सुख रहता है तथा दुर्बल स्त्री वाला होता है। यदि मेष, कर्क, मिथुन और कन्या का राहु हो तो माता का सुख होता है तथा सुखी रहता है ॥१–३॥

बन्धौ नीचानुगा राहौ गृहबन्धुसुखोज्झिता ।
कुधवैकसुता जाता पैशुन्यनिरता खला ॥४॥

भावार्थः—यदि राहु चतुर्थ भाव में हो तो वह स्त्री नीच जनों से सङ्ग करने वाली, घर और बन्धुओं के सुख से हीना तथा अधम पति और एक सन्तानवाली होती है। वह दुष्ट, प्रकृतिवाली और चुगली करनेवाली होती है ॥४॥

हिमांशो रिपुस्तुर्यगो वाहनानां विनाशं तथा भूपपक्षाद्भयं च ।
कफार्तिञ्च कष्टं तथा वायुपीडां विदेशे भ्रमं हायनेऽसौ करोति ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से चतुर्थ भाव में राहु पड़े तो उस वर्ष में वाहनों का नाश, राजा से भय, शारीरिक कष्ट और विदेश में भ्रमण होता है ॥५॥

पंचम भावस्थ राहुफल—

सुते तत्सुतोत्पत्तिकर्त्सिहिकायाः सुतो भामिनीचिन्तया चित्ततापः।
सति क्रोडरोगे क्रिमाहारहेतुः प्रपञ्चेन किं प्रापकादृष्टवर्ज्यम् ॥१॥

राहु सुतस्थः शशिनानुगो हि पुत्रस्य हर्ता कुपितः सदैव।
गेहान्तरे सोऽपि सुतैकमात्रं दत्ते प्रमाणं मलिनं कुचैलम् ॥२॥

पिसरखाने स्थितो रासः पुत्रसौख्यविवर्जितम्।
बहोशं दर्दशिकमं नादानं कुरुते नरम् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से पंचम भाव में राहु हो तो पुत्र सुख से विहीन, परिवार से उदासीन, शरीर से पीड़ा युक्त और निकम्मा होता है। उसे दुष्ट स्त्री की चिन्ता से मन का सन्ताप रहता है और जीवन भर असाध्य रोग का शिकार रहता है तथा व्यापार में विशेष लाभ नहीं होता। यदि चन्द्रमा के साथ राहु हो तो पुत्र का नाश अवश्य होता है अन्यथा एक पुत्र मलिन बुद्धि-वाला होता है ॥१–३॥

सेन्दौ सूतौ सुते राहावसुता सुखवर्जिता।
कुमित्रा कुमतिश्चैव विचन्द्रे चैकपुत्रिणी ॥४॥

भावार्थः—यदि पंचम भाव में राहु हो तथा चन्द्रमा के साथ हो तो सन्तान हीना कुमित्र और कुबुद्धि वाली होती है। यदि चन्द्रमा से युत अथवा दृष्ट न हो तो एक पुत्र वाली होती है ॥४॥

स्वबुद्धेर्विनाशं सुतस्थानगः स्याद् हिमांशो रिपुः सन्ततेः पीडनं च
स्वकीयोदरे वायुभीतिं धनार्तिं तथा सर्वदा क्लेशचिन्तां करोति ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से पंचम भाव में राहु हो तो अपनी बुद्धि का नाश, सन्तान को कष्ट, अपने उदर में वायु-व्यथा, भय, धन का नाश, क्लेश और चिन्ता होती है ॥५॥

षष्ठ भावस्थ राहुफल—

बलं बुद्धिवीर्ये धनं तद्वशेन स्थितो वैरिभावेऽपि येषां जनानाम्।
रिपूणामरण्यं दहेदेव राहुः स्थिरं मानसं तत्तुला नो पृथिव्याम् ॥१॥
षष्ठे स्थितः शत्रुविनाशकारी ददाति पुत्रं च धनानि भोगान्।
स्वर्भानुरुच्चैरखिलाननर्थान् हन्त्यन्ययोषिद्गमनं करोति ॥२॥

म्लेच्छावनीशाद्द्रव्याप्तिर्दिलं च साहवं नरम्।
बद्खानास्थितो रासः करोति रिपुसंक्षयम् ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से षष्ठ भाव में राहु हो तो शत्रु को नाश करनेवाला, धनवान्, पुत्रवान्, पंचायती करनेवाला और दिल का उदार होता है। उसका बल, बुद्धि, पराक्रम, धन और अन्तःकरण स्थिर होता है। उससे पृथिवी में उसके जोड़ का दूसरा नहीं होता है। यदि राहु उच्च का हो तो सब अनर्थ का निवारण करनेवाला, परस्त्रियों के साथ सम्पर्क करनेवाला होता है ॥१-३॥

रिपुरोगविहीना च रिपौ राहौ धनान्विता।
सुकीर्तिः सुमतिः साध्वी कुशला सर्वकर्मसु ॥४॥

भावार्थः—यदि षष्ठ भाव में राहु हो तो जाता शत्रु और रोग से रहिता, धनवाली, उत्तम बुद्धिवाली और सब कार्य में निपुणा होती है ॥४॥

रिपोर्विनाशो यदि सैंहिकेयः षष्ठं गतः स्यान्नृपतुल्यकीर्तिः।
गोभूहिरण्याम्बरलाभकारी धनाप्तिकृद्दुःखविनाशकश्च ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से राहु षष्ठ भाव में पड़े हों तो उस वर्ष में शत्रु का नाश, राजा के समान कीर्ति, गौ, पृथ्वी, सुवर्ण, वस्त्र और धन की प्राप्ति होती है तथा दुःख का निवारण करनेवाले होते हैं ॥५॥

सप्तम भावस्थ राहुफल—

विनाशं लभेयुर्धुने तच्च वत्यो रुजा धातुपाकादिना चन्द्रमर्दौ।
कटाहें यथा लोडयेज्जातवेदा वियोगापवादाः शमं न प्रयान्ति ॥१॥

जायास्थराहुर्धनहानिकर्त्रीं ददाति नारीं विविधांश्च भोगान्।
पापानुरक्तां कुटिलां कुशीलां ददाति शेषैर्बहुभिर्युतश्च ॥२॥

हिर्जंगदंश्च बेताळो गुस्वरो बद्जनो भवेत्।
हफ्तमखाने यदा रासः कलही मनुजस्तदा ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से सप्तम भाव में राहु हो वह क्रोधी, बुरे स्वभाववाला, व्यर्थ लड़ाई तथा विवाद करनेवाला होता है। उसे अधिक धन खर्च करनेवाली स्त्री और अनेक प्रकार के भोग लाभ करनेवाला होता है। उस मनुष्य को बन्धु वियोग तथा लोकनिन्दा सर्वदा बनी रहती है। यदि अनेक ग्रहों से युक्त राहु हो तो उसकी स्त्री धातुपाक आदि रोगों से नष्ट, पापिनी और दुष्ट स्वभाव वाली होती है ॥१–३॥

मन्दभाग्या मदे राहौ विधवा कुधवाऽथ वा।
कोपशीला कुरूपा वा कुचरित्रा प्रजायते ॥४॥

भावार्थः—यदि सप्तम भाव में राहु हो तो स्त्री मध्यम भाग्यवाली, विधवा अथवा अधम पतिवाली होती है। वह क्रोधिनी, कुरूपा और चरित्रहीना होती है ॥४॥

वातप्रमेहादिरथो नराणां गुह्येन्द्रियार्तिश्च तमो मदस्थः।
मन्दाग्निपीडा च तथाङ्गनानामिन्दो रिपुः स्याद्यदि सप्तमस्थः ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से सप्तम भाव में राहु हो तो वात और प्रमेह रोग, गुप्ताङ्गों में पीड़ा तथा स्त्री को मन्दाग्नि और चिन्ता होती है ॥५॥

अष्टम भावस्थ राहुफल—

नृपैः पण्डितैर्वन्दितो निन्दितः स्वैः सकृद्भाग्यलाभोऽरुकृद् भ्रंश एव।
धनं जातकं तं जनाश्च त्यजन्ति श्रमग्रन्थिकृद्रन्ध्रगो ग्रहनशत्रुः ॥१॥

राहुः सदा चाऽष्टममन्दिरस्थो रोगान्वितं पापरतं प्रगल्भम्।
चौरं कृशं कापुरुषं धनाढ्य मायामतीतं पुरुषं करोति ॥२॥

हस्तमूखाने यदा रासः शरीरी स्यान्मुसाफिरः।
वेदीनः खिश्मनाकः स्याद् बदकारश्च मुफ्लिशः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से अष्टम भाव में राहु हो तो रोगी, पापकर्म में रत, ढीठ, मायाजाल में पारङ्गत और दुर्बल शरीर वाला होता है। उसे धन रहते हुए भी धन का सुख मिलता नहीं है। कुटुम्बों से त्याज्य और अपमानित रहने से विदेश में वास करता है। उसका भाग्योदय एक बार ही होता है और हानि अनेक बार होती है ॥१–३॥

रोगिणी रन्ध्रगे राहौ प्रगल्भा पापचारिणी।
कृशाङ्गी धनसंयुक्ता जाता चौर्य-क्रियारता ॥४॥

भावार्थः—यदि अष्टम भाव में राहु हो तो वह स्त्री रोगिनी, पापाचरण-वाली, दुबली, धनवती और चोरी करने वाली होती है ॥४॥

छिद्रस्थितो मृत्युसमं मनुष्यं तमस्तथा भूपभयं करोति।
ज्वरातिसारं च कफार्तिदोषं विशूचिकां वातभयं नराणाम् ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से अष्टम भाव में राहु पड़े तो उस वर्ष में उस मनुष्य को मरण-तुल्य कष्ट, राजा से भय, ज्वर, अतिसार, कफ की वृद्धि-विशूचिका और वात रोग का भय होता है ॥५॥

नवम भावस्थ राहुफल—

मनीषी कृतं न त्यजेद्बन्धुवर्गं सदा पालयेत्पूजितः स्यात् गुणैः स्वैः।
सभाद्योतको यस्य चेत्त्रित्रिकोणे तमः कौतुकी देवतीर्थे दयालुः ॥१॥

धर्मस्थिते चन्द्ररिपौ मनुष्यश्चाण्डालकर्मा पिशुनः कुचैलः।
ज्ञातिप्रमोदे निरतश्च दीनः शत्रोः कुलाद्भीतिमुपैति नित्यम् ॥२॥

बख्तखाने यदाः रासः प्रभवेन्मनुजस्तदा।
जवाहिर्जर्कशीयुक्तः साहवः सौख्यवान्नरः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से नवमभाव में राहु हो तो वह विद्वान् सर्वगुण सम्पन्न और माननीय होता है तथा सभाचतुर, रसिक, बहुत रत्नों से युक्त और सुखी होता है। वह किये हुए उपकार को भूलता नहीं है। यदि पाप ग्रह से युक्त राहु हो तो निन्द्य कर्म करने वाला चुगलखोर, मलिनवस्त्रधारी, धनहीन और शत्रुओं से युक्त होता है ॥१–३॥

मलिना धर्मगे राहौ कुलाचारविवर्जिता।
रिपुरोगभयत्रस्ता निजबन्धूपकारिणी ॥४॥

भावार्थः—यदि नवम भाव में राहु हो तो वह स्त्री मलिना, अपने कुलाचार से विपरीत चलनेवाली, शत्रु और रोग से पीड़िता और अपने बन्धुओं की उपकारिणी होती है ॥४॥

धर्मस्थितो धर्मविनाशनं स्याज्जयो नृपाच्छत्रुविनाशनञ्च
भाग्योदयं धान्यधनागमं च करोति पीडां पशुबान्धवेषु ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से नवम भाव में राहु हो तो धर्म का नाश, राजा से जय, शत्रु का नाश, भाग्योदय, धन-धान्य का लाभ और पशु तथा बन्धुओं को पीड़ा होती है ॥५॥

दशम भावस्थ राहुफल—

सदा म्लेच्छसंसर्गतोऽतीव गर्वं लभेन्मानिनीकामिनीभोगमुच्चैः।
जनैर्व्याकुलोऽसौ सुखं नाधिशेते मदार्थव्ययी क्रूरकर्मा खगेऽगौ ॥१॥

कामातुरः कर्मगते च राहौ परार्थलोभी मुखरश्च दीनः।
म्लानो विरक्तः सुखवर्जितश्च विहारशीलश्चपलोऽतिदुष्टः ॥२॥

रासो बादशाहखाने भवेज्जोरावरो गनी।
विपक्षपक्षरहितो मुईशः पुर्तरुद्दतः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दसमभाव में राहु हो तो वह म्लेच्छों की सङ्गती में रहकर बड़ा घमंडी होता है। परधन का लोभी, व्यर्थ विवाद करने वाला, दीन, मलिन और चिन्तायुक्त रहता है। मदपान में द्रव्य का खर्च और दुष्टकार्य करते रहने से लोगों द्वारा अपमानित होता है और आगे चलकर वैराग्य को प्राप्त होता है। वह बहुत बलवान् और शत्रु से रहित, धनवान् विहार करने वाला तथा चञ्चल स्वभाव का होता है। उसे उत्तम स्त्री का भोग प्राप्त होता है ॥१-३॥

सकामा कर्मगे राहौ परद्रव्यापहारिणी।
चञ्चला दुश्चरित्रा च प्रगल्भा सुखवर्जिता ॥४॥

भावार्थः—यदि दशमभाव में राहु हो तो जाता अधिक कामवासनावाली, दूसरे के द्रव्य को ठगने वाली, चञ्चला, दुराचारिणी, ढीठ और सुख से रहिता होती है ॥४॥

सिंहीसुतो दशमगः क्रय-विक्रयेषु लाभं नरं नृपसमं प्रकरोति वर्षे।
भूपाज्जयं सततमङ्गलमाशु कुर्यात्कीर्तिं धनं भवति वाहनहानिकारी ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से दशमभाव में राहु हो तो क्रय-विक्रय के व्यापार में लाभ, राजा से जय, सर्वदा मङ्गल कीर्ति और धन का लाभ होता है अर्थात् उस वर्ष में मनुष्य राजा के तुल्य होता है, किन्तु वाहन की हानि होती है ॥५॥

एकादश भावस्थ राहुफल—

सदा म्लेच्छतोऽर्थं लभेत्साभिमानश्चरेत् किंकरेण व्रजेत् किं विदेशम्।
परार्थानन्थीं हरेत् धूर्तबन्धुः सुतोत्पत्तिसौख्यं तमो लाभगश्चेत् ॥१॥

आयस्थिते सोमरिपौ मनुष्यो दान्तो भवेन्नीलवपुः सुमूर्तिः।
वाचाल्ययुक्तः परदेशवासी शास्त्रार्थवेत्ता चपलो विलज्जः ॥२॥

याफ्तखाने भवेद्रासो जायते नहि साहवः।
वेकारश्च कर्जमन्दः कलही मनुजस्तदा ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से एकादशभाव में राहु हो वह पुरुष जितेन्द्रिय, श्यामवर्ण, सुन्दरशरीरवाला, चञ्चल और निर्लज्ज होता है व्यर्थ कार्य में समय व्यतीत करनेवाला, कर्जलेनेवाला, धूर्तों का मित्र और अनर्थ करने वाला होता है तथा दूसरे के धन को ठग कर ले लेता है। वह म्लेच्छों से धन पाता है। अत्यन्त घमंडी होने से अपने बन्धुओं से भी कलह रखता है। उसे पुत्रजन्म का सुख अवश्य मिलता है ॥१-३॥

लाभे राहौ सदाचारा सुरूपा सत्यवादिनी।
कुशला सर्वकार्येषु धनवस्त्रसुखान्विता ॥४॥

भावार्थः—यदि एकादश भाव में राहु हो तो स्त्री सदाचारिणी, सुन्दरी और सत्यबोलने वाली होती है। वह सब कार्य में निपुणा, धन तथा वस्त्रादि सुख से युक्ता होती है ॥४॥

लाभस्थितश्चेत्खलुसैंहिकेयो नरं नरेन्द्रेण समं करोति।
हिरण्य-गोभूधनसञ्चयं च शत्रुक्षयं पुत्रभयं तथैव ॥५॥

भावार्थः—वर्षलग्न से एकादशभाव में राहु हो तो उस वर्ष में मनुष्य राजा के समान सुख भोगनेवाला होता है। और गो, पृथ्वी तथा धन का सञ्चय, शत्रु का क्षय और पुत्र का भय रहता है ॥५॥

द्वादश भावस्थ राहुफल—

तमो द्वादशे दीनतां पार्श्वशूलं प्रयत्ने कृतेऽनर्थतामातनोति ।
खलैर्मित्रतां साधुलोके रिपुत्वं चिरामे मनोवाञ्छितार्थस्य सिद्धिम् ॥१॥
व्यये स्थिते सोमरिपौ मनुष्यो धर्मार्थहीनो बहुदुःखतप्तः ।
कान्ताविमुक्तश्च विदेशवासी सुखैश्च हीनः कुनखी कुवेषः ॥२॥
रासः स्थितो यदा यस्य खर्चखाने भवेत्तदा ।
कलहप्रियबेकारः कर्जमन्दश्च मुफ्लसः ॥३॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वादशभाव में राहु हो तो वह मनुष्य धर्म और धन से हीन, कलहप्रिय, व्यर्थ घूमकर समय नष्ट करनेवाला, अनेक प्रकार से पीड़ित, स्त्री सुख से वञ्चित, तथा ऋण से बोझिल रहता है। उद्योग करते रहने पर भी उसको सिद्धि प्राप्त होती नहीं है। सज्जनों से द्वेष और दुर्जनों से मित्रता रखता है ॥१–३॥

व्यये व्ययाधिका राहौ धनधर्मविवर्जिता ।
परदर्शितमार्गाढ्या जाना पतिसुखोज्झिता ॥४॥

भावार्थः—यदि द्वादशभाव में राहु हो तो वह स्त्री धन, धर्म से हीन, दूसरे के बात पर चलनेवाली अर्थात् अति मन्द बुद्धि वाली, व्यर्थ खर्च करनेवाली पति सुख से रहित होती है ॥४॥

स्थानभ्रंशो भवति पवनस्योदयो द्वादशस्थः
सिंहीपुत्रौ रिपुभयमथो मर्त्यमृत्युं विधत्ते ।
शीर्षे कर्णे व्यथनमुदरे नेत्ररोगो नराणां
लक्ष्मीहानिः स्वजनकलहः कामिनीनां च पीडा ॥५॥

भावार्थः—वर्ष प्रवेशकालिक लग्न से द्वादशभाव में राहु हो तो उस वर्ष में उस मनुष्य को अस्थिरता, वात रोग का उदय, शत्रु का भय, तथा समस्त अंग में पीड़ा अर्थात् मरण तुल्य कष्ट, द्रव्य की हानि, परिजनों में कलह और स्त्री को पीड़ा होती है ॥५॥

प्रथम भावस्थ केतुफल—

यदा केतुर्लग्ने जननसमये बान्धवजनै-
र्महाक्लेशः शश्वद् भयमपि सदा दुर्जनकुलात्।
मनश्चिन्ताधिक्यं प्रभवति कलत्रार्तिरधिका
जनानां वैकल्यं सततमुदरे कष्टमधिकम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न में केतु हो तो वह मनुष्य बन्धुओं को क्लेश देनेवाला, दुर्जनों से भय, स्त्री, पुत्रादिकी चिन्ता, व्याकुलता, उदर में कष्ट तथा शरीर में अनेक प्रकार के रोग से पीड़ा होती है ॥१॥

रोगयुक्ता तनौ केतौ पतिक्लेशप्रदायिनी।
शुभदृष्टयुते तत्र पतिपुत्रसुखान्विता ॥२॥

भावार्थः—यदि लग्न में केतु हो तो वह स्त्री रोगिनी और पति को क्लेश से कष्ट देनेवाली होती है। यदि शुभग्रह की दृष्टि से युत हो तो पति पुत्रादि के सुख से युक्ता होती है ॥२॥

प्रथम भावस्थ मुथहाफल—

शत्रुक्षयं मानसतुष्टिलाभं प्रतापवृद्धिं नृपतेः प्रसादम्।
शरीरपुष्टिं विविधोद्यमांश्च ददाति सौख्यं मुथहा तनुस्था ॥३॥

भावार्थः—जिसके वर्ष प्रवेशकालिक लग्न में मुथहा हो तो शत्रु का भय, मन में सन्तोष, पराक्रम की वृद्धि, भूप की कृपा, शरीर में पुष्टि अनेक प्रकार के व्यापार तथा सुख को देने वाली होती है ॥३॥

द्वितीय भावस्थ केतुफल—

मतिर्व्यग्रा नित्यं भवति नृपतेरर्थभवने
तमः पुच्छे धान्यक्षतिरपि कलिर्बान्धवजनैः।
तथा रुक्षा वाणी सदसि निजपक्षार्तिरभितः
स्वभे सद्धे तस्मिन्नमितसुखमर्थश्च भविनाम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वितीय भाव में केतु हो उस मनुष्य की बुद्धि व्यग्र होती है, राजा के द्वारा धन-धान्य का नाश तथा कुटुम्बों से विरोध होता है। अपने बन्धुओं को भी कटु वचन बोलकर पीड़ा पहुँचाता है। यदि अपना गृह अथवा शुभग्रह का गृह हो तो सर्वथा सुख और धन का लाभ होता है ॥१॥

धनहीना धने केतौ जाता बन्धुविरोधिनी।
शुभदृष्टयुते तस्मिन् धनबन्धुसुखान्विता ॥२॥

भावार्थः—यदि केतु द्वितीय भाव में हो तो वह स्त्री खजाने से हीना और बन्धुओं से विरोध करने वाली होती है। यदि शुभग्रह से दृष्ट अथवा युत हो तो धनवाली और कुटुम्बसुख से युक्ता होती है ॥२॥

द्वितीय भावस्थ मुथहाफल—

उत्साहतीर्थागमनं यशश्च स्वबुद्धिसम्माननृपाश्रयश्च।
मिष्टान्नभोगी तनुपुष्टिकान्ति स्यादर्थभावे मुथहा यदि स्यात् ॥

भावार्थः—वर्ष लग्न से द्वितीय भाव में मुथहा पड़े तो उस वर्ष में उत्साह, तीर्थगमन और कीर्ति प्रदान करने वाली होती है तथा अपनी बुद्धि से राजदरबार में सम्मान, मिष्टान्न भोजन रुचि, शरीर में पुष्टि और सौन्दर्य होता है ॥३॥

तृतीय भावस्थ केतुफल—

तृतीये चेत् केतुर्भवति सुखहेतुस्तनुभृतां
धनानां भोगानां परममहसां चापि जनने।
विनाशः शत्रूणां प्रवरसमरे बाहुयुगले
व्यथाभीतिश्चिन्ता निजसुहृदि पीडा च परितः ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से तृतीयभाव में केतु हो तो सुख, धन [illegible] काम, भोग और बल को बढ़ाने वाला होता है। तथा शत्रुओं का नाश कर[illegible] और अपने भुज में पीड़ा, भय, उद्वेग एवं परिजन को कष्ट रहता है ॥१॥

सधना सहजे केतौ रिपुर्गवविनाशिनी।
सुख-सन्तानसंयुक्ता जाताऽनुजसुखोज्झिता ॥२॥

भावार्थः—यदि तृतीय भाव में केतु हो तो वह स्त्री धनवाली, शत्रु को न[illegible] करने वाली, सुख और सन्तान से संयुक्ता किन्तु छोटे भाई से हीना होती है॥[illegible]

तृतीय भावस्थ मुथहाफल—

पराक्रमाप्तिस्तयशः सुखानि सौन्दर्यगोब्राह्मणदेवभक्तिः।
सर्वोपकारस्तनुपुष्टिकान्तिनृपाश्रयश्चेन्मुथहा तृतीया ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से तृतीयभाव में मुथहा हो तो पराक्रम से धन, [illegible] और सुख मिलता है, तथा सुन्दरता, गौ ब्राह्मण और ईश्वर में भक्ति होती [illegible] उस वर्ष में परोपकार की भावना, शरीर में पुष्टि और कान्ति रहती है, [illegible] राजा के आश्रय से धन का लाभ होता है ॥३॥

चतुर्थ भावस्थ केतुफल—

सुखे केतुः पुंसां भवति नहि मातुः सुखमलं
सुहृद्वर्गादेव व्रजति विलयं पैतृकधनम्।
स्वगेहे नो वासः सपदि च निवासेन कलहो
निजोच्चे स्वक्षेत्रे स तु भवति बन्धोः सुखमलम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से चतुर्थभाव में केतु हो तो उसको माता से विशेष सुख नहीं होता है। तथा मित्रों के द्वारा पैतृक धन का नाश होता है। यदि अपने गृह या उच्च में केतु हो तो बन्धुओं से सुख होता है और अधिक समय व्यग्रता से युक्त हो कर परोसियों से सर्वदा कलह करता है तथा अपने घर में वास नहीं होता है ॥१॥

सुखे केतौ प्रजातायाः नहि मातृसुखं भवेत्।
यौवने जायते कष्टं पितृवित्तं विनश्यति ॥२॥

भावार्थः—यदि केतु चतुर्थ भाव में हो तो उस स्त्री को माता से सुख नहीं होता। तथा यौवनावस्था में कष्ट और पिता का उपार्जित धन नष्ट होता है ॥२॥

चतुर्थ भावस्थ मुथहाफल—

शरीरपीडा रिपुभीः स्ववर्गे—वैरं मनस्तापविरोधिता च।
स्यान्मुन्थहायां सुखभावगायां जनापवादो भयदुःखवृद्धिः ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से चतुर्थभाव में मुथहा हो तो अङ्ग में पीड़ा, शत्रु से भय, अपने जनों में शत्रुता, मानसिक व्यथा और विरोध की उत्पत्ति होती है। तथा उस वर्ष में लोगों में अपवाद और भय तथा दुःख की वृद्धि होती है ॥३॥

पंचम भावस्थ केतुफल—

यदा राहोः पुच्छे भवति किल सन्तानभवने
सहोत्थानां शस्त्रक्षतजनितकष्टं हि बहुधा।
स्वबुद्ध्या पीडापि प्रभवति जनानामतितरां
तथाऽपत्यादल्पं सुखमनुदिनं तत्कलहतः ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से पञ्चमभाव में केतु हो उसके सहोदरों को शस्त्राघात से कष्ट, अपनी बुद्धि पर खेद, पुत्रों के साथ कलह अतएव पुत्र से अल्प सुख होता है अथवा अधिक पुत्र नहीं होता है ॥१॥

सुते स्वल्पसुता केतौ सोदरक्लेशदायिनी।
कुशला गृहकार्येषु कुबुद्धिः कलहप्रिया ॥२॥

भावार्थः—यदि पञ्चम भाव में केतु हो तो वह स्त्री थोड़े पुत्रवाली, सहोदर को कष्टदेने वाली और गृहकार्य में कुशला तथा मलिन बुद्धि और झगड़ालू होती है ॥२॥

पंचम भावस्थ मुथहाफल—

यदीन्थिहा पञ्चमगाब्दवेशे स्वबुद्धितोऽर्थात्मजधर्मलाभः।
प्रतापवृद्धिर्विविधो विलासो देवद्विजार्चा नृपतेः प्रसादः ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से पञ्चमभाव में मुथहा हो तो अपनी बुद्धि से धन, पुत्र और धर्म का लाभ, पराक्रम की वृद्धि, अनेक प्रकार के विलास, देवता और ब्राह्मण में भक्ति तथा राजा की कृपा होती है ॥३॥

षष्ठ भावस्थ केतुफल—

तमःपुच्छे षष्ठे जननसमये मातुलकुलात्
सदा मानाल्पत्वं प्रभवति चतुष्पात्सुखमलम् ।
तथाऽऽरोग्यं व्याधिक्षय उत धनानामपचयः
प्रचण्डारेर्नाशः सपदि समरे वादकरणात् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से षष्ठभाव में केतु हो तो मातृकुल से अल्प सम्मान, चौपायों से सुख, स्वल्पधन, व्याधि का नाश और सदा निरोग रहता है, तथा विवाद करने में शत्रुओं का नाश होता है ॥१॥

रिपुभावगते केतौ रिपुरोगविवर्जिता ।
भूमि-गोधनसम्पन्ना तुच्छचित्ता प्रजायते ॥२॥

भावार्थः—यदि षष्ठभाव में केतु हो तो वह स्त्री शत्रु और रोग के भय से हीना होती है। और भूमि, गो आदि धन से सम्पन्न तथा मलिन हृदया होती है ॥२॥

षष्ठ भावस्थ मुथहाफल—

कृशत्वमङ्गेषु रिपूदयश्च रुजो भयं तस्करतो नृपाच्च ।
कार्यार्थनाशो मुथहारिगा चेद् बुद्धेर्विवृद्धिः सुकृतेऽनुतापः ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से षष्ठभाव में मुथहा हो तो उस वर्ष में दुर्बलता शत्रु का उदय, रोग भय, राजा और चोर का भय, कार्य और द्रव्य की हानि, बुद्धि की वृद्धि और शुभ कार्य में भी पश्चात्ताप होता है ॥३॥

सप्तम भावस्थ केतुफल—

तमःपुच्छे नारीभवनमुपयाते जनिमतां
भवेन्मार्गाद्भीतिर्जलजनितभीतिश्च परमा।
परावृत्तार्थानां प्रभवति विरामोऽलिभवने
सदा कान्ताकष्टं व्ययचय वृतार्थामलसुखम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से सप्तम भाव में केतु हो तो मार्ग और जल से भय, वृश्चिक राशि में हो तो धन का नाश, स्त्री को कष्ट, व्यर्थ खर्च और धन से शरीर सुख उत्तम रहता है ॥१॥

मदे केतौ प्रजाताया मार्गचिन्ता रिपोर्भयम्।
पतिकष्टं स्वनाशो वा व्यग्रता हृदये सदा ॥२॥

भावार्थः—यदि सप्तम भाव में केतु हो तो उस स्त्री को मार्ग में शत्रु का भय, पति को पीड़ा अथवा धन का नाश और सर्वदा व्यग्र रहती है ॥२॥

सप्तम भावस्थ मुथहाफल

कलत्रबन्धु-व्यसनारिभीतिरुत्साहभङ्गो धन-धर्मनाशः।
द्यूनोपगा चेन्मुथहा तनोः स्याद् रुजो मनामोहविरुद्धनष्टाः ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से सप्तम भाव में मुथहा हो तो उस मनुष्य को स्त्री कष्ट, शत्रु का भय, उत्साहभङ्ग, धन और धर्म की हानि, रोग और मनोमोह विरुद्ध होता है ॥३॥

अष्टम भावस्थ केतुफल—

यदा केतौ रन्ध्रे जननसमयेऽर्शोदिजनितं
गुदे कष्टं नित्यं प्रभवति पशूनामपि भयम्।
स्ववित्तानां रोधः खलु मिथुनकन्यालयजवृषे
तदासिद्धिर्द्रव्याणां क्षितिपतिकुलादेव भविनाम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से अष्टम भाव में केतु हो उस मनुष्य को बवासीर आदि रोग से पीड़ा, पशुओं का भय, धन की अप्राप्ति होती है। यदि केतु वृश्चिक, कन्या, मेष, वृष या मिथुन में हो तो धन का लाभ होता है ॥१॥

गुह्येरोगभयं रन्ध्रे केतौ कष्टं च भर्तरि।
धनवाहनलाभश्च प्रजातायाः प्रजातये ॥२॥

भावार्थः—यदि केतु अष्टम भाव में स्थित हो तो उस स्त्री को गुप्ताङ्गों में रोग भय, पति को कष्ट, धन और वाहन का लाभ होता है ॥२॥

अष्टम भावस्थ मुथहाफल—

रुजोभयं तस्करतो विनाशो धर्मार्थयोर्दुर्व्यसनामयश्च।
मृत्युस्थिता चेन्मुथहा नराणां बलक्षयं स्याद् गमनं च दूरे ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से अष्टम भाव में मुथहा पड़ी हो तो उस वर्ष में उस मनुष्य को रोग और चोर का भय, धर्म तथा अर्थ का नाश, दुर्व्यसन, बल का क्षय और दूरगमन होता है ॥३॥

नवम भावस्थ केतुफल—

तमःपुच्छे भाग्यं गतवति सुतार्थस्तनुभृतां
सदा म्लेच्छाल्लाभः खलु निखिलकष्टापहरणम् ।
सहोत्थानां कष्टं बहुविधगदो बाहुयुगले
तपश्चर्या-दानप्रभव उपहासश्च सततम् ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से नवम भाव में केतु हो तो पुत्र और धन पूर्ण होता है यवनादि द्वारा भाग्योदय और कष्टों का नाश होता है । तथा सहोदरों को पीड़ा, अपने हाथ कष्ट और तपस्या, दान में उपहास होता है । अर्थात् धर्मकार्य और दानादि से विमुख रहता है ॥१॥

सुपुत्रा धर्मगे केतौ रिपुरोगविवर्जिता ।
नीचाल्लब्धधना जाता तपोदानरता सदा ॥२॥

भावार्थः—यदि नवम भाव में केतु हो तो वह स्त्री उत्तम पुत्रवती, शत्रु और रोग से हीना, नीच जाति के लोगों से धन का लाभ करनेवाली, तपस्या और दानादि सत्कार्य में तत्पर रहती है ॥२॥

नवम भावस्थ मुथहाफल—

स्वामित्वमुच्चोपपदं नृपेभ्यो धर्मोत्सवः पुत्रकलत्रसौख्यम् ।
देव-द्विजार्चा परमं यशश्च भाग्योदयो भाग्यगतेन्थिहा चेत् ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से नवम भाव में मुथहा हो तो उस वर्ष में राजदरबार में उच्च अधिकार, घर में धर्मकार्य निमित्त उत्सव, पुत्र और स्त्री से सुख, देवता और ब्राह्मण में भक्ति तथा सुयश और भाग्योदय होता है ॥३॥

दशम भावस्थ केतुफल—

तमःपुच्छे जन्तोर्दशमभवने यस्य जनने
पितुः कष्टं नित्यं प्रभवति कुरूपत्वमथ वा।
अवश्यं दौर्भाग्यं तुरगगजगोभिर्भयमलौ
वृषे षष्ठे मेषे व्रजति विलयं शत्रुपटली ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से दशमभाव में केतु हो तो वह मनुष्य पिता के सुख से हीन, कुरूप और भाग्यहीन, तथा घोड़ा हाथी और बैलों से भय हो। यदि केतु वृष, मेष, वृश्चिक या कन्या राशि में हो तो शत्रुओं का नाश होता है ॥१॥

सकष्टा कर्मगे केतौ जाता तातसुखोज्झिता।
कन्याराशिगते तत्र धनधान्यसुखान्विता ॥२॥

भावार्थः—यदि दशम भाव में केतु हो तो वह स्त्री कष्टवाली और पिता के सुख से हीना होती है। यदि कन्याराशिगत केतु हो तो धन-धान्यादि सुख से युक्ता होती है ॥२॥

दशम भावस्थ मुथहाफल—

नृपप्रसादं स्वजनोपकारं सत्कर्मसिद्धिं द्विज-देवभक्तिम्।
यशोऽभिवृद्धिं विविधार्थलाभं धत्तेऽम्बरस्था मुथहा पदाप्तिम् ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से दशमभाव में मुथहा हो तो राजा की कृपा, परिजनों में उपकारिता, सत्कर्म की सिद्धि, देवता और ब्राह्मण में भक्ति तथा उस वर्ष में धन और यश की वृद्धि होती है ॥३॥

एकादश भावस्थ केतुफल

शिखी लाभस्थाने जनुषि भविनां भाग्यमधिकं
प्रभाधिक्यं विद्या सततमनवद्या कृतिरपि ।
प्रशस्तं वस्त्रं च प्रभवति गुदे कष्टमनिशं
तथा नानार्थाप्तिः परमविकला सन्ततिततिः ॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से एकादश भाव में केतु हो तो उत्कृष्ट भाग्य प्रतिमा की अधिकता, उत्तम विद्या और यश तथा मूल्यवान् वस्त्रों का लाभ होता है। उसे सब प्रकार से लाभ होता है और सन्ततिवर्ग विकल होता है तथा अपने गुप्ताङ्गों (गुदामार्गादि) में कष्ट होता है ॥१॥

लाभे लाभवती केतौ सुभाग्या प्रियभाषिणी ।
सुवेशा शास्त्रतत्त्वज्ञा निपुणा सर्वकर्मसु ॥२॥

भावार्थः—यदि एकादश भाव में केतु हो तो वह स्त्री सब कार्य में लाभ करनेवाली, सौभाग्यवती, प्रियवचन बोलनेवाली, सुन्दर वेश तथा शास्त्र के मर्म को जाननेवाली और निपुणा होती है ॥२॥

एकादश भावस्थ मुथहाफल—

यदीन्थिहा लाभगता विलासो सौभाग्यमैश्वर्यमनःप्रसादः ।
भवन्ति राजाश्रयतो धनानि सन्मित्रपुत्राभिमताप्तयश्च ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से एकादश भाव में मुथहा हो तो विलास, सौभाग्य, ऐश्वर्य, मन में प्रसन्नता तथा राजा के आश्रय से धन की प्राप्ति और उत्तम मित्र एवं पुत्ररत्न की प्राप्ति होती है ॥३॥

द्वादश भावस्थ केतुफल—

तथाऽपायागारं जनुषि यदि केतावुपगते
महापीडा गुह्ये पदनयनयोर्नाभिनिकटे ।
जयो वादे नित्यं नरपतिवदेवामलसुखं
नराणां कल्याणं भवति न च मातुः सहजतः॥१॥

भावार्थः—जिसके जन्मलग्न से द्वादश भाव में केतु हो तो गुदमार्ग, आँख आदि शरीर में पीड़ा, मामा से सुख का अभाव होता है। तथा वादविवाद में विजय और राजा के समान सुख भोगनेवाला होता है ॥१॥

व्यये पदाक्षिरुक् केतौ वृथाव्यर्थव्ययकारिणी ।
पत्यरिष्टकरी नारी स्वारिवविनाशिनी ॥२॥

भावार्थः—यदि द्वादश भाव में केतु हो तो वह स्त्री पैर और आँख में रोगवाली, व्यर्थ खर्च करनेवाली, पति को कष्ट देनेवाली, अपने शत्रु को नाश करनेवाली होती है ॥२॥

द्वादश भावस्थ मुथहाफल—

व्ययोऽधिको दुष्टजनस्य सङ्गो रुजस्तनौ विक्रमतस्त्वसिद्धिः ।
धर्मार्थहानिर्मुथहा व्ययस्था यदा भवेत्सज्जनतोऽपि वैरम् ॥३॥

भावार्थः—वर्षलग्न से द्वादश भाव में मुथहा हो तो उस वर्ष में अधिक व्यय, दुर्जनों का साथ, अङ्ग में रोग, पराक्रम करता है फिर भी कार्य सिद्ध नहीं होता और धर्म तथा धन का नाश एवं सज्जनों से भी शत्रुता होती है ॥३॥

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति—

पराशर उवाचः—

यस्य यश्च यदा दुःस्थः स तं यत्नेन पूजयेत् ।
एषां धात्रा वरो दत्तः "पूजिताः पूजयिष्यथ" ॥१॥
मानवानां ग्रहाधीना उच्छ्रायाः पतनानि च ।
भावाऽभावौ च जगतां तस्मात् पूज्यतमा ग्रहाः ॥२॥

भावार्थः—जिस व्यक्ति के जो ग्रह अनिष्ट स्थान में (प्रतिकूल) हो उसे उस ग्रह की पूजा अवश्य करनी चाहिए । क्योंकि विधाता ने ग्रहों को वरदान दिया है कि—पूजा करनेवालों की तुम पूजा करना । मनुष्यों की उन्नति और अवनति एवं संसार की सृष्टि और प्रलय ग्रहों के आधीन रहती है इसलिए सब देवों में विशेषकर ग्रह ही पूजनीय हैं ॥१-२॥

सूर्य के लिये—

दानवस्तुः—माणिक्य, गेहूँ, गुड़, सवत्सागो, कमलपुष्प, कसूँमी वस्त्र, लाल चन्दन, सुवर्ण और ताम्र । मन्त्र—ॐ घृणिः सूर्यायनमः । जप संख्या—७००० । रत्न में—माणिक धारण कराना चाहिए ।

चन्द्र के लिए—

दानवस्तुः—वंशपात्र, चावल, श्वेतवस्त्र, श्वेत चन्दन, चाँदी, चीनी, वृषभ काँस्यपात्र में घृत, दधि, कपूर और मोती । मन्त्र—ॐ सों सोमायनमः । जप संख्या—११००० । रत्न में—मोती धारण ।

मङ्गल के लिये—

दानवस्तुः—मूँगा, मसूर, गेहूँ, रक्तवृषभ, गुड़, लाल चन्दन और लाल कनेर के फूल, सुवर्ण, ताम्र, केसर, कस्तूरी। मन्त्र—ॐ अं अंगारकायनमः॥ जप संख्या—१०००० । रत्न में—मूङ्गा धारण।

बुध के लिये—

दानवस्तुः—कांस्यपात्र, हरितवस्त्र, हस्ती, घृत, मूङ्ग, गौ, सुवर्ण, दासी, पुष्प, कपूर, अनेक फल, षट्रस भोजन, रत्न। मन्त्र—ॐ बुं बुधायनमः॥ जप संख्या—९००० । रत्न में—पन्ना धारण करें।

गुरु के लिये—

दानवस्तुः—पीताधान्य,पीतवस्त्र,सुवर्ण, पुखराज, घृत, पीत पुष्प और फल, हल्दी, अश्व, मधु, शर्करा, लवण, भूमि और छत्र। मन्त्र—ॐ बृं बृहस्पतयेनमः। जप संख्या—१९००० । रत्न में—पुखराज धारण।

शुक्र के लिये—

दानवस्तुः—चावल, श्वेत चन्दन, चित्र, वस्त्र, रजत, हीरा, श्वेताश्व, घृत सुगंध, द्रव्य, शर्करा, गोधूम। मन्त्र—ॐ शुं शुक्रायनमः। जप संख्या—१६००० रत्न में—हीरा धारण करना।

शनि के लिये—

दानवस्तुः—माषान्न, तैल, तिल, काला वस्त्र, कुरथी, लोहा, भैस, वा कृष्ण धेनु, कस्तूरी, सुवर्ण, नीलम, और दक्षिणा। मन्त्र—ॐ शं शनैश्चरायनमः। जप संख्या—२३००० । रत्न में—नीलम धारण करना।

राहु के लिये—

दानवस्तुः—सप्तधान्य, नील वस्त्र, गोमेद, तिल, तैल, लोहा, रत्न, कम्बल, सतिलताम्रपात्र, गेहूँ, अश्व और अभ्रक। मन्त्र—ॐ रां राहवेनमः। जप संख्या १८००० । रत्न में—गोमेद धारण।

केतु के लिए—

दानवस्तुः—कम्बल, कस्तूरी, वैदूर्य्यमणि, तिल, तैल, कृष्ण फल और काला वस्त्र, लोहा, बकरा, और शस्त्र। मन्त्र—ॐ कें केतवेनमः। जप संख्या १७००० । रत्न में—लहसुनियां धारण करना चाहिये।

मुथहा के लिये—

दानवस्तुः—तण्डुलान्न, सुवर्ण, कांस्यपात्र, श्वेत वस्त्र और पुष्प, घृत, और दक्षिणा। जप संख्या—११००० ।

प्रत्येक ग्रह के दान के लिए अलग-अलग समय नियत है। कहा भी है—"अकाले नैव कर्तव्यं दातुर्वैप्राणघातकः।" अर्थात् नियत समय पर दान का महत्त्व विशेष होता है इससे अन्य काल में दान शुभ नहीं है। अतः सूर्य तथा शुक्र का सूर्योदय काल में, चन्द्रमा और बृहस्पति का संध्या काल में, मङ्गल का दान २ घड़ी दिन रहते, बुध का दान ५ घड़ी दिन रहते, शनि का दान मध्याह्न समय में एवं राहु और केतु का दान रात्रि में करना उत्तम है।

अनेक ग्रन्थरत्नानां सारं सङ्गृह्य यत्नतः।
कृतोऽयं वासुदेवेन ग्रहाणां फलदर्पणः॥
रामचन्द्रनखैस्तुल्ये शुभे विक्रमवत्सरे।
भाद्रकृष्णदलेऽष्टम्यां पूर्तिं पुण्यतिथावगात्॥

इति ग्रहफलदर्पण।

मुद्रक : अरुणोदय प्रेस, ईश्वरगंगी, वाराणसी।